तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 8 अप्रैल 2025

1.2 तितुरडीह में बच्चे भी पी रहे हैं शराब



1.2 पंचायत सचिवों के अनिश्चित कालीन हड़ताल से महत्वपूर्ण कामकाज हुए ठप





### बच्ची से अमानवीय कृत्य : घटना ऐसी की रूह कांप जाए

# लाइटर से चेहरा और सिगरेट से शरीर के कई अंगों को जलाया, आरोपी चाचा का होगा डीएन टेस्ट, क्रूरता देख पीएम करते डॉक्टर भी चौंक गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

मोहन नगर थाना अंतर्गत ओम नगर उरला में 6 साल की बच्ची से रेप और हत्या की गुत्थी पुलिस ने महज 24 घंटे के अंदर सुलझा ली है। इस पूरे मामले में आरोपी बच्ची का सगा चाचा निकला। उसने सुबह करीब 10 बजे ही मौका देख बच्ची को उपर नए बन रहे कमरे में ले गया। जहां चटाई बिछाकर करीब दो घंटे तक बच्ची से गलत काम किया। इस दौरान आरोपी ने कई अमानवीय कृत्य बच्ची के साथ किए। पुलिस और अस्पताल सूत्रों के मुताबिक बच्ची के चेहरे को लाइटर से जलाया गया। इतना ही नहीं अंधरुहनी अंगों को बीड़ी या सिगरेट से जलाया गया। गुप्तां के आसपास के हिस्से को बुरी तरह से डैमेज किया गया। पोस्टमाट्र्म के लिए दौरान चिकित्सकों को भी शर्मशार होना पड़ा। उनका मानना था कि कोई व्यक्ति इतना कितना निर्दयी और वहशी हो सकता है।


पीएम के दौरान बच्ची के अंधरुहनी हिस्से में सीमन जैसा कुछ मिला है, जिसे देखते हुए वेजानल स्वाप के स्लाइट तैयार किए गए हैं, जिसकी जांच के बाद ही रेप की पुष्टि हो सकेगी। इतना ही नहीं ब्लड भी मिला है, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी और बच्ची की डीएनए सैंपल जांच के लिए भेजने की तैयारी की है। विसरा सहित सारे आर्गन को सुरक्षित रखा गया है। बता दें कि पीएम के दौरान मजिस्ट्रेट की टीम पूरे समय मौजूद थी। पोस्टमाट्र्म की वीडियोग्राफी कराई गई। इन सबके बीच डॉ. रिपल भाटिया ने पोस्टमार्टम किया। इधर इस घटना को लेकर लोगों में खासा आक्रोश देखा गया। रात में बड़ी संख्या में लोग बच्ची के घर के आसपास पहुंच गए। संदेह के आधार पर पड़ोस में रहने वाले बादल मेश्राम से मारपीट की गई। उसके घर में आग लगा दी गई। बाद में पुलिस ने बादल और उसके जीता अनुराग को संदेह के आधार में हिरासत में ले लिया। बाद में पता चला कि इस मामले में आरोपी बच्ची की चाचा है। बहरहाल इस पूरे मामले में पुलिस की जांच जारी है। आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने धारा 103(1), 64(2एफ), 65(2), 66, 238ए बीएनएस, पाक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत अपराध दर्ज किया है। मामले में पुलिस की विवेचना जारी है।



### आक्रोशित लोगों ने घेरा थाना, किया चक्काजाम भीड़ को तितर-बितर करने पुलिस ने किया बल प्रयोग

घटना की जानकारी शहर में आग की तरह फैली। सोशल मीडिया में बच्ची के समर्थन में रात 11 बजे से पोस्ट डलने शुरू हो गए। बेटी हम शर्मिंदा है, कि दरिंदे से तुम्हे नहीं बचा पाए, पुलिस से अपील और बेटियों का न होने दे यौन उत्पीड़न जैसे पोस्ट शेयर होने लगे। रात में ही एनएसयूआई के कार्यकर्ता मोहन नगर थाने के बाहर जमा हो गए। उन्होंने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बाद में पुलिस ने उन्हें शांत कर घर भेज दिया। सोमवार की सुबह से पीएम को लेकर मर्च्यूरी में भीड़ जुटने लगी। दोपहर होते-होते मोहन नगर थाने में यादव समाज, कांग्रेस, भाजपा, विहिप-बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ता थाने में जमा हो गए। इधर बच्ची का पीएम हुआ। पीएम के बाद पुलिस एम्बुलेंस में बच्ची को अंतिम संस्कार के लिए ले जाने की कोशिश कर रही थी, लेकिन परिजनों ने बच्ची को लेकर ई-रिक्शा में लेकर थाने पहुंच गई। जहां बच्ची के शव को देखकर भीड़ आक्रोशित हो गई। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ। आरोपियों को बाहर लाने की मांग उठने लगी। पुलिस जैसे-तैसे आरोपियों का मुलाहिजा कराने के लिए निकली। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया। बाद में मामला शांत हुआ।

**पीएम के बाद ई-रिक्शे से पहुंचे थाना**



### शाम को एएसपी सुखनंदन राठौर ने किया पूरे मामले का खुलासा संदेह के आधार पर हिरासत में लिए गए चाचा ने घटना को स्वीकारा

शाम को पुलिस कंट्रोल रूम भिलाई में एएसपी सुखनंदर राठौर, डीएसपी हेमप्रकाश नायक ने पूरे मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि घटना को अंजाम बच्ची के चाचा ने ही दिया। संदेह के आधार पर पुलिस ने उसे 6 अप्रैल की रात ही हिरासत में ले लिया था। हिरासत में पूछताछ के दौरान उसने अपने गुनाह कबूल लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह बच्ची को ऊपर के कमरे में ले गया, जहां उससे गलत काम किया। इसके बाद दोपहर 1 बजे से 3 बजे के बीच के बीच मौका देख बच्ची के शव को कार में डाल दिया। किसी को संदेह न हो, इसलिए परिजनों के साथ बच्ची को खोजते रहा। पुलिस जब इस मामले में जांच कर रही थी तो आरोपी के बारे में पता चला कि वह नशेड़ी है। पूरे दिन नशे में रहता है। इस वजह से उस पर संदेह हुआ। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पूरे मामले का खुलासा हो गया। मामले में हिरासत में लिए गए बादल मेश्राम और उसके जीजा अनुराग को लेकर घटना में शामिल होने के कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं, लेकिन मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए उनसे भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की मां, भाई और एक अन्य भतीजी से पूछताछ और मारपीट किए जाने के आरोप को लेकर कहा कि इसे लेकर जांच की जाएगी। फिलहाल ऐसी कोई जानकारी नहीं मिली है। न ही पुलिस से शिकायत की गई है। जैसा जानकारी मिल रही है, उसके मुताबिक जांच करेंगे।

## खबर संक्षेप

### ठेकेदार और मकान मालिक पर जुर्म दर्ज

**भिलाई।** मकान में काम कर रहे मिस्त्री की ठेकेदार की लापरवाही के कारण करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मामले में पुलिस ने जांच के बाद मकान मालिक व ठेकादर के खिलाफ धार 304 ए, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि खुर्सीपार निवासी मृतक होमन दास 42 वर्ष मिस्त्री का काम करता था। 20 अप्रैल 2024 की शाम विजय पाल के घर बालाजी नगर खुर्सीपार के मकान में होमन दास दुसरी मंजील में राड को बीम में लगाने के लिए नाप रहा था। मकान से बिजली हाई टेंशन तार गुजरा था। काम करने के दौरान होमन बिजली हाई टेंशन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना में होमन के दोनो हाथ , पीठ, कपडा जल गया था। उपचार के लिए उसे शासकीय अस्पताल दुर्ग ले जाया गया। जहां से रेफर कर रायपुर भेजा गया,जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस जांच में पचा चला कि ठेकेदार रोशन लाल साहू और मकान मालिक विजय पाल सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराया था। सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही करने से होमन करंट के चपेट में आया था।

### भिलाई-दुर्ग बेटियों के लिए असुरक्षित

# विजय नगर की अनसुलझी पहेली आज भी नहीं भूला शहर, 5 साल में 812 रेप, 144 यौन उत्पीड़न के केस

जेएम तांडी ▶▶|भिलाई

जिले में रेप के मामलों में लगातार बढ़ते जा रहे हैं। पुलिस सूत्रों, अधिवक्ता और मानसिक रोग विशेषज्ञों की मानें तो भिलाई-दुर्ग रेप और यौन उत्पीड़न जैसे मामलों के लिए प्रदेश में हॉट स्पॉट बना हुआ है, यानी यहां इस तरह की घटनाएं सबसे ज्यादा हो रही हैं। पिछले 5 साल में रेप के 812 मामले सामने आ चुके हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह नशा को माना जा रहा है। इसे रोकने में सामाजिक संगठन, पुलिस भी तत्परता रही लेकिन बेटियों के साथ हो रहे रेप को रोकने में फेल रही। कन्या भोज करने घर से निकली 6 साल की मासूम ओम नगर उरला दुर्ग निवासी के साथ जो हुआ उसे देख किसी का भी रूह कांप जाए। इतनी बड़ी घटना होने के बाद भी बेटियों की सुरक्षा पर सवाल खड़ा हो रहा है। इसमें सबसे बड़ी बात यह मोहन नगर थाना क्षेत्र के विजय नगर में करीब 9 साल पहले भी घर में सोई बच्ची का अज्ञात ने अपहरण कर साथ लेकर गए। उसके साथ अनाचार कर शव को नाले के पास फेंक कर फरार हो गए। लेकिन घटना का पर्दाफाश आज तक नहीं हो पाया है। इस तरह दुर्ग जिले में रेप के मामलों में लगातार इजाफा होता जा रहा है। दुर्ग जिला अपराधों का गढ़ बनता जा रहा है। अपराधों पर अंकुश नहीं लगने से लोगों में पुलिस के खिलाफ आक्रोश देखा जा रहा है। रेप के साथ ही साथ महिलाओं के साथ 5 वर्ष में 144 घटनाएं यौन उत्पीड़न के सामने आए हैं। इससे स्पष्ट है कि भिलाई-दुर्ग बेटियों के लिए सुरक्षित जगह नहीं है।

#### 5 साल में हुई घटनाएं

| वर्ष | उत्पीड़न | रेप |
|---|---|---|
| 2020 | 24 | 144 |
| 2021 | 35 | 145 |
| 2022 | 23 | 153 |
| 2023 | 30 | 170 |
| 2024 | 32 | 200 |

#### महिला अपराधों का गढ़

जिले में अपराध को रोकने वाली पुलिस भी अब महिला सुरक्षा को लेकर पूरी तरह फेल हो चुकी है। यहां अब महिलाएं सुरक्षित नहीं है।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

### अब तक के मामले

- विश्व बैंक कॉलोनी भिलाई तीन में एक दिव्यांग युवती से रेप कर आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने जगदलपुर से आरोपी शंकर को गिरफ्तार किया। आरोपी ने दिव्यांग को पहले बहलाया फुसलाया, इसके बाद गलत काम किया।
- महिला बॉक्सिंग प्लेयर को ट्रेंनिग देने के नाम पर सीआरपीएफ के एक जवान ने रेप किया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। आरोपी श्री नगर में पोस्टेड था।
- किशोरी को घर में अकेली पाकर कोसा नगर निवासी युवक ने उसके साथ रेप किया। शिकायत के बाद पुलिस ने युवक को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया।
- मोहन नगर थाना अंतर्गत प्रोफेसर कॉलोनी में 20 साल पहले माधवी मेश्राम हत्याकांड की गुत्थी आज भी अनसुलझी है। आजाद हॉस्टल के बाहर उसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। इस मामले में पुलिस आज तक आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई।

### जामुल थाना क्षेत्र की घटना

# भाजपा नेता के बेटे ने की मारपीट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भाजपा नेता के पुत्र ने साइड देने को लेकर युवक से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफ 296, 351, 115 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

जामुल टीआई कपिल देव पाण्डेय ने बताया कि सुपेला निवासी वैभव देवांगन और सेक्टर 5 निवासी कृष कुमार दोनों रुंगटा कॉलेज के छात्र है। कृष अपने वाहन को लेकर कालेज से बाहर निकल रहा था। इस दौरान वैभव देवांगन साइड देने की बात को लेकर कृष के साथ विवाद हो गया। दोनों में इतना विवाद बढ़ गया कि वैभव देवांगन ने कृष के साथ जमकर मारपीट करना शुरु कर दिया। कृष का वाहन भी थोड़ा डेमेज हो गया है। वैभव देवांगन भाजपा जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन का बेटा है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि वैभव दबंगई दिखाते हुए जमकर मारपीट की है। घटना में कृष के शरीर पर विभिन्न जगह पर चोट आई है।

- वाहन साइड देने को लेकर हुआ विवाद

पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। उधर इस विवाद के बाद राजनीति गरमा गई है। वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है मामले की जांच की जा रही है।






# डिजीटल दौर में सिक्का लेने दुकानदारों की आनाकानी से ग्राहक हो रहे परेशान

दुर्ग। इन दिनों डिजिटल पेमेंट का बेहतरीन उपयोग आम उपभोक्ता दैनिक जरूरतों से लेकर सभी महत्वपूर्ण कार्यों में खर्च के दौरान करते हैं। इस दौर में बाजार में सिक्कों पर दुकानदारों के मौखिक व्यवहार से संकट मंडराने लगा है। कई दुकानदार चिल्हर के अभाव में एक और दो रुपए के सिक्कों को चलन से बाहर बताकर लेने से इनकार कर रहे हैं। दुकानदारों का यह व्यवहार गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। जिला प्रशासन ने भी कई बार लिखित आदेश जारी कर दुकानदारों को वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

### चलन से बाहर नहीं हुआ है सिक्का

जानकारी अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक सिक्के का अनुमोदन कर प्रचलन के लिए बैंकों में भेजती है। इसके बाद बैंकों से ही सिक्का बाजार में चलन के लिए आता है। रिजर्व बैंक द्वारा एक और दो रुपए के सिक्के को बंद नहीं किया गया है। सिक्का वैधानिक रुप से चलन में है। लेकिन चिल्हर के अभाव में दुकानदार और व्यापारियों द्वारा छोटे भारतीय मुद्रा एक व दो रुपए के सिक्कों को चलन से बाहर बताकर लेने से इनकार कर रहे हैं। एक तरफ तो व्यापार में डिजिटल पेमेंट का दौर जारी है। डिजिटल पेमेंट की वजह से चिल्हर को लेकर बाजार में जो मगजमारी होती थी, वह भी अब लगभग बंद हो गई है पर अभी भी कई उपभोक्ताओं को सामान खरीदने के लिए सिक्कों का आदान-प्रदान व्यापारी और दुकानदारों के साथ करना पड़ता है। व्यापारी और दुकानदार कई बार सिक्कों को चलन से बाहर बताकर लेने से इनकार करते हैं। खासकर एक और दो रुपए के छोटे सिक्कों में यह परेशानी बाजार में देखने को मिल रही है। इंदिरा मार्केट, सब्जी मार्केट, महिला समृद्धि बाजार सहित शहर के अन्य छोटे बाजारों में कई बार सिक्कों को लेकर दुकानदारों और उपभोक्ताओं के बीच तनातनी देखी जाती है।

### चिल्हर बाजार में भी सिक्का लेने से तौबा, बडी कार्रवाई का है प्रावधान



### कानूनी कार्रवाई का है प्रावधान

जिला अधिवक्ता संघ के सचिव रविशंकर सिंह ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदित सिक्कों का प्रचलन बंद नहीं हुआ है। खासकर एक और दो के सिक्कों को लेकर कोई संशय नहीं होना चाहिए। कोई दुकानदार, व्यापारी या फिर कोई शरारती तत्व छोटे भारतीय मुद्रा यथा एक व दो रुपए के सिक्कों को चलन से बाहर बताते हैं। वह वैधानिक कार्रवाई का पात्र है। रविशंकर सिंह ने बताया कि मनमाने ढंग से सिक्कों को लेने से इनकार किया जाना राजद्रोह की श्रेणी में आता है। इसके लिए भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 124 ए वर्तमान में संशोधित भारतीय न्याय संहिता धारा 2023 की धारा 152 के तहत तीन साल से आजीवन कारावास तक के दंड से दंडित किए जाने का प्रावधान है।

### प्रशासन भी करता है सतर्क

तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता का कहना हैं कि, एक और दो के सिक्कों को लेकर कई बार जिला प्रशासन ने भी लिखित आदेश जारी कर सिक्का लेने से इनकार करने वालों पर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी देती हैं। उन्होने कहा इस मामले में दुकानदारों और उपभोक्ताओं को सतर्क करने का काम किया है।

---

## खबर संक्षेप



### अभिनेता मनोज कुमार को मंच ने दी श्रद्धांजलि

दुर्ग। भारत कुमार के नाम से प्रख्यात प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता स्व मनोज कुमार को पुराना बस स्टैंड दुर्ग में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर छत्तीसगढ़ मंच ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत उपाध्यक्ष दिनेश जैन ने बताया कि मंच के सचिव एवं कार्यक्रम के संचालक तुलसी सोनी एवं शाहिद आरिफ आर्केस्ट्रा ग्रुप संचालक शाहिद खान ने स्व मनोज कुमार के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा उनके फिल्मी सफर एवं भारतीय सिनेमा में उनके द्वारा दिए गए उल्लेखनीय योगदान की जानकारी दी गई। रंगकर्मी मुकेश अग्रवाल ने भी मनोज कुमार को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में दो मिनट मौन धारण कर स्व मनोज को श्रद्धांजलि भी दी गईं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ मंच के गुलाब चौहान, त्रिलोक सोनी, युनुस चौहान, शाहिद आरिफ आर्केस्ट्रा के संचालक शाहिद खान, सुर धारा म्यूजिकल ग्रुप की संचालिका एवं गायिका ज्योति ध्रुव, आनंद बक्शी, स्वरांजली ग्रुप के संचालक संजय दुबे, द रैन ड्रॉप संस्था के अध्यक्ष राजेश जैन, सराफ कोशिश स्टार म्यूजिकल ग्रुप के संचालक जाहिद अली सहित नागरिक उपस्थित थे।

---

### शिक्षा का अधिकार: स्कूलों में ऑनलाइन आरटीई आवेदन की आखिरी तारीख आज

# चार हजार सीटों के लिए परिजनों ने लगाई दस हजार से अधिक अर्जियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

गरीब परिवार के परिजनों ने अपने बच्चों को महंगे स्कूलों में पढाने की चाह लेकर अब तक दस हजार से अधिक अर्जियां लगाई हैं। इतने तादात में आवेदन देख स्कूल महकमे का भी होश उड गया है। दो चरणों में लिए जाने वाले आरटीई में आवेदन करने आज अंतिम तिथि निर्धारित है। बहरहाल आवेदन आने के बाद संबंधित नोडल अधिकारी जांच में जूट गए हैं। कई स्कूल ऐसे है, जहां सीट से अधिक आवेदन आने के बाद अब ऐसे स्कूलों में लाटरी से दाखिला दिए जाने की तैयारी हैं।

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम या शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अंतर्गत वर्ष 2025 के लिए छत्तीसगढ़ में संचालित निजी विद्यालयों में आरटीई पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन भर्ती की प्रक्रिया का आज आखिरी दिन है। सीटों से ज्यादा आवेदन आने पर लाटरी के माध्यम से प्रवेश दिया जाता है। दुर्ग जिले में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आरटीई के अंतर्गत 535 निजी (प्रत्येक स्कूल में 25 फीसदी निर्धारित) स्कूलों के कुल 4280 सीटों पर निःशुल्क प्रथम चरण में प्रवेश के लिए सीटें निर्धारित की गई है।

**खास बातें**

- आरटीई के तहत आनलाइन ले रहे आवेदन
- पिछले साल 534 स्कूल के लिए आए थे 13808 आवेदन
- डीपीआई से होगी आनलाइन लाटरी की प्रक्रिया

### जिले के 535 निजी स्कूलों में कराया जा रहा गरीब बच्चों का दाखिला



### बढाई गई थी आवेदन लेने की तारीख

इन सीटों के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 31 मार्च थी, जिसे बढ़ाकर 8 अप्रैल कर दिया गया है। वही अब तक 10 हजार 161 बच्चों के पंजीयन हो गए है, वही आवदेन की प्रक्रिया का आज आखिरी दिन है। नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच की प्रक्रिया 17 मार्च से शुरू किया गया जो 25 अप्रैल तक पालकों के समक्ष दस्तावेजों की जांच कर सत्यापन करेंगे। सत्यापन में बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, पालकों का आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, सर्वे सूची की सत्यापन होगा।

### 1 और 2 मई को निकाली जाएगी लॉटरी

सहायक संचालक अमित घोष ने बताया कि, लॉटरी के माध्यम से 1 और 2 मई को नोडल अधिकारियों द्वारा सीटों का आवंटन किया जाएगा। साथ ही स्कूल दाखिला प्रक्रिया 5 मई से 30 मई तक किया जाएगा। दूसरे चरण में पुनः आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। पहले चरण में खाली रहे सीटों को भरने का भी प्रक्रिया होगी। अफसरों ने बताया कि, नवीन स्कूल पंजीयन, दर्ज संख्या प्रविष्टि एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 2 जून 2025 से 16 जून 2025 तक सत्यापन कार्य किया जायेगा। दस्तावेजों की जांच के बाद निजी स्कूलों में एडमिशन मिल सकता है।

### दूसरे चरण के लिए बीस जून से लेंगे अर्जी

दूसरे चरण में सीटों के लिए आवेदन की प्रक्रिया 20 जून 2025 से 30 जून 2025 तक निर्धारित के दी गई है। इसके साथ ही नोडल अधिकारियों द्वारा 1 जुलाई 2025 से 8 जुलाई 2025 तक दस्तावेजों की जांच की जाएगी। साथ ही लॉटरी का आबंटन 14 जुलाई 2025 से 15 जुलाई 2025 तक की जायगी। स्कूल में दाखिल की प्रक्रिया 18 जुलाई 2025 से 31 जुलाई 2025 तक की जाएगी। इसके साथ ही वर्ष 2024-2025 हेतु ऑनलाइन दावा प्रक्रिया 1 अगस्त 2025 से 30 अगस्त 2025 तक की जाएगी।

---

# ननि में पांच करोड़ का बिल पेंडिंग, ठेकेदार काट रहे चक्कर




हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरनिगम में विकास कार्य कराने के बाद भुगतान के लिए ठेकेदार रोज चक्कर लगा रहे है। लेकिन उन्हें राज्य शासन से राशि नही आने की बात कहकर भुगतान नही किया जा रहा है। अधोसंरचना मद से करीब पांच करोडों रूपए के कार्य होने के बाद ठेकेदारों ने बिल भी लगा दिया है। लेकिन भुगतान के लिए निगम प्रशासन द्वारा स्पष्ट जवाब नही देने से ठेकेदारों में आक्रोश की स्थिति निर्मित हैं।

- पांच करोड रूपए से अधिक का बिल भुगतान बकाया

नगरनिगम प्रशासन द्वारा विधानसभा और नगरनिगम चुनाव के पहले लगातार ठेकेदारों पर दबाव बनाकर निर्माण कार्य करा लिए गए। लेकिन चुनाव निपटने के बाद आज भी ठेकेदारों को अफसरों के चक्कर कांटना पड रहा है। हाल यह हैं कि, पुराना भुगतान नही होने से ठेकेदारों नया कार्य कराने से परहेज कर दिए है। ठेकेदारों ने बताया कि, निर्माण कार्य का बिल एकांउट सेक्शन में भी जा चुका है। लेकिन इसके बाद भी निर्माण कार्य की राशि जारी नही की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि, निगम प्रशासन की शिकायत लेकर अब ठेकेदार एकजूट हो गए है और वे राज्य शासन से भुगतान नही किए जाने की शिकायत भी करने वाले हैं।

### विकास कार्य भी हो रहे ठप

जानकारी अनुसार नगरनिगम चुनाव निपटने के बाद विकास कार्यो को लेकर भले ही प्रस्ताव तैयार कर लिया गया हैं। लेकिन राज्य शासन से प्रस्ताव की मंजूरी नही मिलने से विकास कार्य ठप पडे हुए है। निगम प्रशासन के पास टैक्स वसूली के आलावा कोई आय का जरिया नही है। वर्तमान में जितने घोषणाएं हुए हैं, वे अधोसंरचना मद के ही है। ऐसे में विकास कार्य के लिए राशि का इंतजार किया जा रहा हैं।

---

# सुशासन दिवस का आगाज, आज निकायों और पंचायतों में लेंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य शासन के निर्देश पर आज से सुशासन दिवस का आगाज होगा। इस दौरान निकायों, जनपदों और ग्राम पंचायतों में आवेदन की पेटी रखी जाएगी। पहले चरण में जिलेभर से आवेदन लिए जाने की प्रक्रिया होगी।

- जपं मुख्यालय एवं नगरीय निकायों में रहेगी पेटी

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने नगरीय निकायों एवं जनपद कार्यालयों के अलावा चिन्हित स्थानों पर भी समाधान पेटी रखने के निर्देश दिये हैं, सभी जनपद पंचायत क्रमशः दुर्ग, धमधा एवं पाटन अंतर्गत सभी ग्राम पंचायत कार्यालयों में लोगों की समस्या संबंधी आवेदन लिये जाएंगे। वहीं जनपद मुख्यालयों में समाधान पेटी रखी जाएगी। इसी प्रकार जिले के सभी नगर पंचायत, नगर पालिका कार्यालय में भी समाधान पेटी रखी जाएगी। जिले के नगर निगम दुर्ग, भिलाई, रिसाली, भिलाई-3 चरौदा कार्यालय में भी समाधान पेटी और आवेदन लेने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा नगर निगम दुर्ग के अंतर्गत निगम कार्यालय, आदित्य नगर जोन कार्यालय, बोरसी जोन कार्यालय, चन्द्रशेखर स्कूल नयापारा, उरला जोन कार्यालय तथा महात्मा गांधी स्कूल में समाधान पेटी रखी जाएगी। नगर निगम रिसाली अंतर्गत मंगल भवन डुण्डेरा, सामुदायिक भवन पुरैना बस्ती, अवधपुरी रिसाली टंकी कार्यालय, बीएसपी स्कूल नंबर 35 निगम मुख्य कार्यालय में आवेदन लिये जाएंगे एवं यहां पर समाधान पेटी रखी जाएगी। नगर निगम भिलाई-3 चरौदा अंतर्गत भिलाई-3 बाजार चौक, सोमनी चौक के अलावा निगम के कार्यालय परिसर में समाधान पेटी रखी जाएगी। साथ ही लोगों की समस्या संबंधी आवेदन लिये जाएंगे। नगर निगम भिलाई अंतर्गत मुख्य कार्यालय परिसर, नेहरू नगर पानी टंकी, जोन-2 कार्यालय परिसर, जोन-3 कार्यालय परिसर, जोन-4 कार्यालय परिसर और जोन-5 कार्यालय परिसर में समाधान पेटी रखी जाएगी और लोगों के समस्या संबंधी आवेदन लिये जाएंगे। कलेक्टोरेट कार्यालय, सभी एसडीएम कार्यालय और सभी तहसील कार्यालयों में भी समाधान पेटी रखी जाएगी। यहां पर भी जनता अपनी समस्या संबंधी आवेदन डाल सकेंगे।

---

# बोरसी में अतिक्रमण दस्ते के साथ जमकर हंगामा



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के बोरसी वार्ड में अतिक्रमण हटाने गए नगरनिगम के दस्ते को विवाद का सामना करना पडा। इस दौरान विरोध में उतरी महिलाएं जहां सडक पर बैठ गई, वही कुछ लोग छत से गैस सिलेंडर नीचे फेंकने का प्रयास करते रहे। ऐसे में नगरनिगम के दस्ते को वापस लौटना पडा। वही मौके पर पुलिस बल भी गिनती के थे। ऐसे में निगम अमला कुछ नही कर पाया। भवन अनुज्ञा अधिकारी गिरिश दीवान ने बताया कि, हाईकोर्ट के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने गए थे। लेकिन महिलाएं जेसीबी के सामने सडक पर लेट गई। ऐसे में उन्हे 48 घंटे का समय देकर टीम वापस लौट गई। इस दौरान नायब तहसीलदार वासुमित्र दीवान, नायब तहसीलदार ढालसिंग बिसेन, भवन अनुज्ञा अधिकारी गिरिश दीवान, भवन निरिक्षक विनोद मांझी व करन यादव सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

- छत से गैस सिलेंडर फेंकने का था प्रयास

---

# पंचायत सचिवों के अनिश्चितकालीन हड़ताल से महत्वपूर्ण कामकाज हुए ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

विधानसभा चुनाव के पूर्व प्रदेश के पंचायत सचिवों से मोदी की गारंटी के नाम पर भारतीय जनता पार्टी ने जो वादा किया था उसे अमल में लाने की मांग प्रदेशभर के पंचायत सचिव कर रहे हैं। विभिन्न मांगों को लेकर 17 मार्च से आंदोलनरत है। हड़ताल का आज 22वां दिन था। 22वें दिन पंचायत सचिवों ने जिलास्तरीय धरना प्रदर्शन कर रैली लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे। कलेक्टोरेट में पंचायत सचिवों ने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पूरी करने मोदी के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

- मोदी की गारंटी अमल में लाने कलेक्टर को सौंपा

छत्तीसगढ़ प्रदेश पंचायत सचिव संघ के कार्यकारी अध्यक्ष व दुर्ग इकाई के जिला अध्यक्ष महेंद्र कुमार साहू ने बताया कि विधानसभा चुनाव के पूर्व भारतीय जनता पार्टी ने ग्राम पंचायत के सचिवों से लुभावने वादे किए थे वादों को मोदी गारंटी का नाम दिया गया था, लेकिन राज्य में भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार बनने के बाद मोदी गारंटी पर काम नहीं किया गया। ग्राम पंचायत से सचिव आज भी अपनी समस्याओं से जूझ रहे हैं। विभिन्न मांगों को लेकर 17 मार्च से अनिश्चितकालीन आंदोलन कर रहे हैं। सोमवार को धरनास्थल में जिलेभर के पंचायत सचिव एकत्रित होकर प्रदर्शन किया और एकजुट होकर कलेक्टोरेट तक रैली निकाली। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पूरी करने की मांग को लेकर नारेबाजी की गई। प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा गया।



### 29 विभाग के 200 कार्य है प्रभावित

प्रांतीय महामंत्री यशवंत आडिल, जिला सचिव शेष नारायण चंद्रवंशी, दुर्ग ब्लाक अध्यक्ष निमेश भोयर, पाटन प्रदीप चंद्राकर और धमधा के नरेश साहू का कहना है कि ग्राम पंचायत के सचिवों के आंदोलन के कारण नवनिर्वाचित सरपंचों का कई स्थानों पर प्रभार भी नहीं हो पाया है। जहां प्रभार हुआ है वहां बैंक खाते का संचालन रुका हुआ है। डीएमसी 15वें वित्त, जीपीडीपी, प्रधानमंत्री आवास योजना, जन्ममृत्यु, विवाह पंजीयन, आय-जाति, निवास प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, आवास सर्वे, राशन कार्ड, नल जल मनरेगा, विभिन्न निर्माण सहित 29 विभाग के 200 कार्य सचिवों की हड़ताल से प्रभावित है।

### प्रदेशभर में 11 हजार सचिव है हड़ताल पर

पंचायत सचिवों को जब तक मोदी की गारंटी के मुताबिक शासकीयकरण नहीं हो जाता तब तक अनिश्चित कालीन आंदोलन जारी रहेगा। महेंद्र कुमार साहू ने बताया कि राज्य सरकार को ग्राम पंचायत सचिवों की समस्याओं से कई बार अवगत कराया गया है। प्रदेशभर में लगभग 11 हजार पंचायत सचिव इस समय हड़ताल में है। शांतिपूर्ण आंदोलन समय रहते पूरा नहीं किया गया तो पंचायत सचिव आंदोलन को और वृहद रुप देंगे।

---

### अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने मांग की

# तितुरडीह में बच्चे भी पी रहे हैं शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के तितुरडीह वार्ड की महिलाओं ने कलेक्टर जनदर्शन में अवैध शराब बंद करने की मांग की है। महिलाओं ने बताया कि, वार्ड में इतनी शराबखोरी हो रही है कि अब बच्चे भी पीने लगे है। उन्होने बताया मोहल्ले में आए दिन लड़ाई-झगड़े एवं मारपीट की स्थिति बनी रहती है।

- महिलाओं ने कहा वार्ड में माहौल हो रहा खराब

इसके आलावा जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 125 आवेदन प्राप्त हुए। आज जनदर्शन में शासकीय जमीन में अवैध कब्जा के अधिक आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में शिकायत लेकर पहुंचे तितुरडीह वार्ड 19 के निवासियों ने कहा कि, पूर्व में कठिन प्रयासों से तितुरडीह वार्ड से शराब दुकान को बंद कराया गया था, लेकिन बंद के होने के बावजूद अभी भी अवैध शराब की बिक्री हो रही है। महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। सड़क पर शराबियों के गाली-गलोज के कारण मोहल्ला खराब हो गया है। इसके अलावा वार्ड में पानी की समस्या का भी सामना करना पड़ रहा है। नल से सुबह व शाम सिर्फ आधा घंटा ही पानी मिलता है।



### किसान ने मांगा रास्ता

विनायकपुर के कृषकों ने आने जाने हेतु रास्ता दिलाने आवेदन दिया। कृषकों ने बताया कि विनायकपुर के तांदुला नदी पर बड़ा पुल का निर्माण किया गया है, जिसके किनारे से किसानों के आने जाने हेतु रास्ता बनाया गया है, लेकिन उसमें ट्रेक्टर, ट्राली गाड़ी ऊपर चड़ नही पाता है। क्योकि पुल की ऊंचाई अधिक है। जिसके कारण किनारे का रास्ता बहुत ऊंचा हो गया है।

### बोरीगारका के पानी टंकी में लिकेज

ग्राम पंचायत बोरीगारका सरपंच ने पानी टंकी मरम्मत एवं नया पाईप लाईन बिछाने आवेदन दिया। बोरीगारका में पूर्व में अमृत जल मिशन अंतर्गत पानी टंकी का निर्माण किया है, किंतु वर्तमान में वह क्षतिग्रस्त एवं लिकेज है। ग्राम में हैंडपंप से पानी की आपूर्ति किया जाता है। पानी टंकी की मरम्मत हो जाने से ग्रामवासियों को पानी के लिए परेशानियों का सामना नही करना पड़ेगा। साथ ही उन्होंने उतई-रिसामा मार्ग में नई पाईप लाईन बिछाने के लिए आवेदन दिया। सड़क चौड़ीकरण करने के दौरान पाईप लाईन टूट गया है, जिससे कारण लोगों के घरों में पानी नही पहुंच पाता है।

**जयंती पर शराब बंद करने की मांग** : दुर्ग। बहुजन समाज पार्टी दुर्ग शहर विस इकाई अध्यक्ष व पूर्व पार्षद प्रत्याशी सचिन गवई ने जनदर्शन में ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा 14 अप्रैल को डॉ, अंबेडकर जयंती मनाई जाती है। इस अवसर पर राष्ट्रीय अवकाश भी होता है। अन्य राष्ट्र त्योहारों की तरह अंबेडकर जयंती पर शुष्क दिवस घोषित कर शराब भट्टी मांस मदिरा बंद करने की मांग की हैं।



## खबर संक्षेप

### विधायक ने क्षेत्र के समस्याओं को लेकर की चर्चा

**भिलाई।** विधायक ललित चंद्राकर ने जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह से सौजन्य मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। ने जिला कलेक्टर को क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं जिनमें सड़क, पानी, पर्यावरण, बिजली और स्वास्थ्य सेवाओं की समस्याएं शामिल हैं। इंसान के साथ जीवजंतु, पशु-पक्षी सभी को समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

## निधन

### चैत सिंह देशमुख



**अंडा।** ग्राम समोदा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक चैत सिंह देशमुख उम्र 76 वर्ष का निधन 7 अप्रैल को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 अप्रैल को सुबह 10 बजे ग्राम समोदा में किया जाएगा। वे सुशीला देशमुख के पति व मनोज देशमुख, गिरीश देशमुख के पिता थे।

### फेकनबाई ताम्रकार



**ननकट्टी।** ग्राम ननकट्टी निवासी फेकनबाई ताम्रकार, पति स्व. लखन लाल ताम्रकार उम्र 90 वर्ष का निधन 5 अप्रैल को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रेमलाल ताम्रकार की मां थीं।

## जामगांव आर में रामनवमीं पर ब्लॉक स्तरीय योगमय रामोत्सव समारोह

# नापाक इरादे वालों से सावधान होकर देश का भला करने सजग हो जाए: स्वामी परमात्मानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा के प्रभावी मार्गदर्शन में ब्लॉक स्तरीय योगमय रामोत्सव समारोह श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर रविवार को जामगांव आर में स्मरणीय भव्यता के साथ आयोजित हुआ। रामोत्सव में संत समागम के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। धर्म सभा के प्रेरणास्त्रोत छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा के आग्रह पर समारोह में पधारे निरंजनी अखाड़ा के स्वामी परमात्मानंद, छत्तीसगढ़ संत संगठन अध्यक्ष रविकर साहेब, विहंगम योग के योगेश्वरानंद योगी, विहिप प्रांत सह मंत्री घनश्याम चौधरी, बजरंग दल प्रांत संयोजक ऋषि मिश्रा, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रतिनिधि लीलाधर वर्मा का राम भक्तों ने स्वागत किया। समारोह में सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, निवर्तमान दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, नवनिर्वाचित जिला पंचायत जल जीवन मिशन सभापति कल्पना नारद साहू, पाटन जनपद पंचायत अध्यक्ष कीर्ति नायक, जनपद उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, पाटन मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर मंचासिन थे।

### स्कूली बच्चों एवं योग प्रशिक्षित लोगों ने दी मनमोहक प्रस्तुति




### स्वागत बाइक रैली निकाली

प्रारंभ में विशाल बाइक रैली के माध्यम से 8 किलो मीटर दूर गाड़ाडीह से जामगांव आर अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। जन कल्याण समिति संयोजक जनपद सदस्य प्रणव शर्मा ने बताया कि रैली का कुशल प्रबंधन में राम भक्तों ने सराहनीय भूमिका निभाई।

### राजनीति अंधी हो जाए तो उसे ठीक करने संकल्पित हो जाए

निरंजनी अखाड़े के स्वामी परमात्मानंद ने कहा कि हिंदू विश्व कल्याण की कामना करता है, सभी को सुखी देखने में विश्वास रखता है। संत श्री ने कहा कि लोकतंत्र में राजा मतदाता है, आपके वोट से सरकार बनती है। राजनीति अंधी होकर चले तो उसे ठीक करने का अधिकार भी आपके पास है। हिन्दू आपस में ना बटे और बांटने वाली नापाक इरादे वालों से सावधान हो जाए तभी आप भारत माता को परम वैभव दिला पाएंगे। उन्होंने कहा कि भरापूरा परिवार सुखी और संस्कारी होता है। संतान उत्पत्ति में संकुचित सोच बदले, कम से कम 3 बच्चे पैदा करने का पुरुषार्थ रखे। सौभाग्य की बात है कि नरेंद्र मोदी जैसा संत प्रधान सेवक है। स्वामी ने कहा कि हिंदू आलस त्यागे वोट देने का फर्ज अवश्य निभाया करे। नहीं तो ये आलस दुर्गति का इतिहास रच आपको आंसू की धार रुलाएगी।

### योग सृष्टि का अनुपम उपहार है: रूपनारायण सिन्हा

भव्य योगमय रामोत्सव के प्रेरणा स्त्रोत छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने कहा कि भारत ऋषि मुनि की पावन धरा है। योग सृष्टि का अनुपम उपहार है, यह तो भारतवासियों के रोम रोम में क्रियान्वित है जब आदमी पूजा करता है तो योग, प्रणाम नमस्कार करता है तो योग, तालिया बजाता है तब योग स्वमेव क्रियान्वित होने लगता है । योग तो निरोग रहने की कला सिखाती है पारंगत हो जाए स्वस्थ रहे मस्त रहे।उन्होंने कहा कि यह राम का देश है ।योग के पारंगत स्कूली बच्चों एवं योग प्रशिक्षित लोगों ने भगवान राम सहित अनेकों देवी देवताओं को पोज में योग करके राम भक्तों को मंत्र मुग्ध कर दिए। छत्तीसगढ़ संत संगठन अध्यक्ष रविकर साहेब ने कहा कि हक त्यागो तो रामायण और हक के लिए लड़ो तो महाभारत होगा। राम को मानने वाले राम का मानना शुरू कर दे तो रामोत्सव सार्थक हो जाएगा । ऊर्जावान लोगों के लिए उम्र आड़े नहीं आती। विहंगम योग के योगेश्वरानंद योगी ने कहा कि संतों के समागम में आकर मन के रावण पर काबू पाए। विहिप प्रांत सह मंत्री घनश्याम चौधरी ने कहा कि धर्मांतरण लव जिहाद के कुचक्र को सजगता पूर्वक रोकने में महती भूमिका हिन्दू निभाए। बजरंग दल प्रांत संयोजक ऋषि मिश्रा ने भी राम भक्तों को जगाने दहाड़ लगाए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य कल्पना नारद साहू, जनपद सदस्य प्रणव शर्मा, रवि सिन्हा, मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, सरपंच रूपेंद्र शुक्ला, नरेश केला, नंदनी साहू, किशोर साहू, लीलाधर वर्मा, मुकेश साहू, मेघनाथ सागरवंशी, शैलेन्द्री मंडावी, पूर्णेन्द्र सिन्हा, हर्ष साहू, लोमेश बंजारे, हेमंत बंजारे, बाबूलाल साहू, चूरामन साहू, द्वारिका साहू, बेनीराम साहू आदि ने स्वागत किया। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, व्यवस्थापक आसकरण जैन, सदस्य डॉ. गुलाब साहू, डॉ केएस देवांगन, बसंत शिंदे ने अयोध्या विराजित भगवान श्री राम की भव्य तस्वीर भेंट कर संतो एवं अतिथियों का स्वागत किए। वहीं विभिन्न ग्रामों के राम भक्तों ने समारोह में हिस्सा लिया।

## अंचल की खबरें

### धनोरा में ज्योत जंवारा का किया विसर्जन



**उतई।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में चैत्र नवरात्रि पर्व पर 6 अप्रैल को शाम 4 बजे से ज्योति विसजर्न शोभायात्रा निकाली गई। जगह-जगह ज्योति कलश शोभायात्रा का पूजा-अर्चना किया गया एवं माता एवं बच्चे माता रानी की जयकारा लगाते हुए साथ-साथ चलते रहे। गुलाब साहू एवं हेमंत साहू के भंजन मंडली द्वारा माता सेवा गाते हुए चल रहे थे। वहीं दरबार के लक्ष्मण बाबा के द्वारा पूजा पाठ करके ज्योत जंवारा विसर्जन किया गया। विसर्जन शोभायात्रा देखने पूरे गांव के लोग उमड़ पड़े थे एवं दूर दराज से भी लोग देखने पहुंचे थे। इस शोभायात्रा में नंद पंडा विनोद साहू, मनोज पटेल, राजू यादव, मनसुखा साहू, गुलाब साहू, ललित साहू, भोलू खिलेश्वर साहू, सुनील कहार, सुंदर सप्रे, दिनेश साहू एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। यह जानकारी दरबार प्रति निधी चन्द्रकांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू ने दी।

### विनायकपुर में ज्योत जंवारा विसर्जन



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम विनायकपुर के माता मन्दिर में विगत कई वर्षों से पुरुष ही ज्योत जंवारा विसर्जन करते आ रहे हैं और हर साल पंचमी के दिन खिलेद्र चंद्राकर, प्रीतम चंद्राकर, दिग्विजय सिंह चंद्राकर, मनोज चंद्राकर, सुनील ढीमर, मनीष चंद्राकर, गुलशन चंद्राकर, फ़नीस ढीमर, प्रीति चंद्राकर, ऐमेंड साहू, रोमन देवांगन के सहयोग से खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जाता है एवं विसर्जन के दिन पानी टैंकर से गलियों में पानी डालकर ठंडा किया जाता है।

### जनता के पक्के घर का सपना होगा पूरा



**सेलूद।** अंचल के समीप स्थित ग्राम मटंग जहां चैत नवरात्र के अवसर पर जय मटंगेश्वर नाथ धाम मंदिर पर में 51 ज्योति कलश की स्थापित किया गया। इस 51 ज्योति कलश के दर्शन करने मटंगेश्वर धाम में दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल पहुंचे। जहां माथा टेककर क्षेत्र की जनता का सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना किया। सांसद विजय बघेल ने इस दौरान गांव के लोगों की समस्याओं को सुनते हुए कहा कि आपकी जो आवास की समस्या है उसे निश्चित ही दूर कर दी जायेगी, यह विश्वास दिलाता हूं कि सभी गरीब परिवार कि प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्का घर का सपना पूरा होगा। मंदिर के व्यवथापक डॉ. हरीशचंद्र साहू ने बताया कि विगत पांच वर्षों से मटंगेश्वर नाथ पर 51 ज्योति कलश की स्थापना किया जा रहा है। इसके साथ भंडारी प्रसादी की भी व्यवस्था किया गया था। इस अवसर पर अधिवक्ता रामरतन साहू, यशवंत साहू, रुपेश साहू, सरपंच अमित हिरवानी, मनोज साहू, देवकुमार साहू, केदार साहू, राजू हिरवानी, बाबू लाल ठाकुर, पोशुराम निर्मलकर, राहुल साहू, तुकेश साहू, जितेंद्र चंद्राकर, रेमन साहू, धर्मेंद्र वर्मा, त्रिवेणी साहू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

### श्री साईं महाविद्यालय नंदिनी में मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस



**भिलाई।** नंदिनी स्थित श्री साईं महाविद्यालय के विज्ञान क्लब के सदस्यों जिसमें शिक्षा विभाग के बजट प्रशिक्षार्थियों एवं फार्मेसी के छात्रों द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस उपलक्ष्य पर डॉ. भूपेंद्र चंद्राकर मेडिसिन विभाग विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । इन्होंने विद्यार्थियों को इस दिवस की महत्व को बताया और इस वर्ष का विश्व स्वास्थ्य दिवस का संदेश जिसमें वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और यह भी बताया कि इस दिवस को विश्व स्वास्थ्य संगठन के मार्गदर्शन में मनाया जाता है जैसा कि सभी को ज्ञात है विश्व स्वास्थ्य संगठन की शुरुआत सभी के स्वस्थ भविष्य की आशा के साथ हुआ । यह भी श्री साईं महाविद्यालय विज्ञान क्लब के सदस्यों से अपील की है कि स्वास्थ्य जागरूकता में हमेशा बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी इस क्षेत्र में जागरूक रहे और मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त करते रहें। कार्यक्रम का संचालन विज्ञान क्लब प्रभारी श्रीमती प्रमिला चौहान ने किया तथा इस अवसर पर संस्था के अकैडमी डायरेक्टर डॉक्टर प्रवीण विश्वकर्मा ने शासन द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला ताकि सभी प्रशिक्षार्थी इस संबंध में स्वयं की जागरूकता लाएं। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य डॉक्टर सुनीता अग्रवाल ने प्रतिभागियों की विशेष रूप से सराहना की।

### शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मनाया विश्व स्वास्थ्य दिवस




**भिलाई।** विश्व स्वास्थ्य दिवस 2025 का थीम 'स्वस्थ शुरूआत आशापूर्ण भविष्य' 7 अप्रैल को हर साल दुनिया भर में विश्व स्वास्थ्य दिवस यानी वर्ल्ड हेल्थ डे मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दुनिया भर में चिंता का विषय बने स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों और समस्याओं की ओर लोगों का ध्यान केंद्रित करना और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाना है। बता दें कि वर्ल्ड हेल्थ डे विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना की वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर मनाया जाता है। इसी अवसर पर शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं के लिए निबंध, रंगोली, पेंटिंग, प्रश्नोत्तर आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मार्गदर्शन सिंधु अनिल मेनन डायरेक्टर शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या शैलजा अनिक एवं उप प्राचार्या विनिता सत्यकुमार ने की। इस अवसर पर श्री गंगाजली ऐजुकेशन सोसायटी के चेयरमेन आईपी मिश्रा, अध्यक्ष जया अभिषेक मिश्रा ने समस्त स्टॉफ और छात्र-छात्राओं को बधाई दी और कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को आर्शीवाद भी दिया। इस कार्यक्रम का आयोजन ओबीजी कम्युनिटी हेल्थ एवं चाइल्ड हेल्थ डिपार्टमेंट द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।

### जपं दुर्ग में सभापति निर्वाचित हुए लोमश



**अंडा।** क्षेत्र क्रमांक 19 कुथरेल, जांजगीरी, भानपुरी से जनपद सदस्य पद से निर्दलीय जीतकर आए युवा नेता लोमश चंद्राकर (रिंकू) जनपद पंचायत दुर्ग में सभापति निर्वाचित हुए। जनपद पंचायत में संचार एवं संकर्म जैसे बड़ी विभाग की जिम्मेदारी दी गई जिससे क्षेत्र में ख़ुशी की लहर है। सभापति ने अपने क्षेत्र में विकास कार्य के लिए हमेशा सहयोग करेगा। सरकार के सभी योजनाओं का लाभ मिलेगा, जिसमें कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया।

### स्वर्ण प्रशान संस्कार से 138 बच्चे हुए लाभान्वित



**सेलूद।** जिला आयुष जिला दुर्ग के मार्गदर्शन में शासकीय आयुर्वेद औषधालय सेलूद में स्वर्ण प्रशान संस्कार का शुभारंभ किया गया जो प्रत्येक माह के पुष्प नक्षत्र के दिन आयोजित कराई जाएगी। स्वर्ण प्रशान के संबंध में जानकारी देते हुए डॉक्टर भावना पाल ने बताया की यह आयुर्वेदिक में वर्णित संस्कार है जिसमें स्वर्ण, भस्म, शहद और ब्राम्ही धृत के संयोग से निमित्त औषधि के ड्रॉप बच्चों को पिलाया जाता है। बच्चों के शारीरिक मानसिक एवं बौद्धिक विकास में सहायक है तथा यह रोगों से रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ नवनिर्वाचित सरपंच खिलेश मारकंडे के द्वारा भगवान धनवंतरी की पूजा-अर्चना कर किया गया। सरपंच ने सभी बच्चों की आरती उतारी एवं तिलक लगाईं फिर डॉ.भावना पाल द्वारा सभी बच्चों का वजन करके स्वर्ण प्रशान ड्राप पिलाया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित संगीता कोठारी फार्मासिस्ट, रुपेश कुमार योग प्रशिक्षण, पुष्पा परघानिया औषधालय सेवक, अर्जुन ठाकुर औषधालय स्वच्छता, जयश्री वर्मा, रमेश कश्यप, रामेश्वरी बघेल, हेमलता साहू जिसमे सभी के माता-पिता उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में कुल बच्चे 138 बच्चे लाभान्वित हुए।

## भाजपा 45 वर्षों की कड़ी मेहनत से देश का नाम रोशन कर रही : जिपं सभापति कल्पना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



■ जामगांव आर में भाजपा मंडल स्तरीय स्थापना दिवस मनाया

भारतीय जनता पार्टी जामगांव आर भाजपा मंडल स्तरीय 46 वां भाजपा स्थापना दिवस समारोह जैन भवन जामगांव आर में दुर्ग जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू के मुख्य आतिथ्य एवं मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू की अध्यक्षता में आयोजित किया। विशेष अतिथि समारोह संयोजक निर्मल जैन, सह संयोजक रवि सिन्हा, कामता प्रसाद साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, नरेश केला, सोसायटियों के अध्यक्ष जामगांव आर भगवान सिंह चंद्राकर, बटरेल कमलेश साहू, बेलहारी रूपसिंह सिन्हा, भरर राजेश बंछोर विशेष अतिथि थे। जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने कहा कि भाजपा 45 वर्षों की कड़ी मेहनत पक्का इरादा के साथ विश्व पटल पर देश का नाम रोशन कर रही है। भारतीय जनता पार्टी देश प्रेम से ओत प्रोत जनहित को सर्वोपरि मानकर काम करने वाली सेवकों की पार्टी है। भारत को माता की तरह पूजनीय मानकर सेवा करने वाले देश भक्तों की श्रृंखला भाजपा में ही देखी जा सकती है। इसलिए भाजपा का काम पूरा विश्व पटल पर छाप छोड़ती है। देश भक्त प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी का नेतृत्व निश्चल कर्म के दम पर चमत्कारिक है। मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने कहा कि भाजपा आम जनता एवं देश के हित में काम करने पर विश्वास करती है। भाजपा 2 सीट पर थी तब आज के सिमटते लोगों को लगता था भाजपा गई लेकिन सोचने वाले ही लोग ही सीमटने लगे हैं। भाजपा का सौभाग्य है नरेंद्र मोदी जैसा प्रधान सेवक देश की सेवा में अनवरत लगे हुए हैं जिसका सदपरिणम विश्व पटल पर दिख रहा है 45 साल की मेहनत रंग लाने लगी है।

### सेवा संकल्प समिति ने निकाली शोभायात्रा



**कुम्हारी।** रामनवमीं के अवसर पर सेवा संकल्प समिति कुम्हारी द्वारा रविवार को भगवान श्रीरामजी की भव्य शोभायात्रा निकली गई। बड़ी संख्या में नगरवासी सहित नगरपालिका अध्यक्ष मीना वर्मा ने हाथों में भगवा ध्वज लिए शोभायात्रा की अगुवाई की। शोभायात्रा बाजार चौक से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मोहल्लों से होते हुए निर्धारित स्थान पर पहुंची जहां समिति के सदस्यों द्वारा प्रसाद वितरण भी किया गया। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम की भव्य झांकी निकाली गई। यात्रा में लोक नृत्य राऊत नाचा के अलावा मां काली सहित मां दुर्गा के नौ रूपों के अलौकिक दृश्य भी दिखाई दिए। इसके अलावा शोभायात्रा में इस बार छत्तीसगढ़ी संस्कृति को शामिल कर कुछ विशेष प्रस्तुत किया गया। शोभायात्रा में गढ़वा बाजा, राऊत नाचा, राममय स्वर ध्वनि के साथ विभिन्न प्रकार के झांकियों में श्रीराम भगवान का अलौकिक दर्शन कराया गया। इसके अतिरिक्त राम भक्तों की वानर सेना, राम दरबार की झांकी के साथ जय श्रीराम के नारों से नगर गूंज उठा। जगह-जगह भव्य आतिशबाजी भी की गई।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सारिका W/o. संतोष कुमार सिंह निवासी एम.आई.जी.-1/45 हुडको कॉलोनी, दुर्ग, (छ.ग.). यह शपथ करती हूँ कि मेरा पुराना नाम सारिका था जिसे बदल कर सारिका सिंह W/o. संतोष कुमार सिंह रख लिया है।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजो में मेरे नये नाम सारिका सिंह W/o. संतोष कुमार सिंह से ही जाना जावे।

सारिका सिंह
निवासी - एम.आई.जी.-1/45,
हुडको कॉलोनी, दुर्ग (छ.ग.)

## भाजपा पाटन मंडल ने मनाया पार्टी का 46 वां स्थापना दिवस

# संकल्प से सेवा, सुशासन व गरीब-कल्याण के स्वरूप में हो रहा परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

भारतीय जनता पार्टी ने पूरे देशभर में 6 अप्रैल को 46वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। भाजपा पाटन मण्डल द्वारा पाटन में भाजपा स्थापना दिवस मनाकर भाजपा पदाधिकारीयों ने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने पार्टी के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की। भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर भाजपा परिवार का सदस्य बनने वाले सभी नए सदस्यों को भाजपा का अंगवस्त्र भेंटकर भाजपा परिवार में अभिनंदन किया साथ ही स्थापना दिवस के अवसर पर मिष्ठान वितरण कर नगरवासियों को बधाई दी।



भाजपा निवर्तनमान जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने भाजपा के स्थापना दिवस पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में लक्ष्य अंत्योदय, प्रण अंत्योदय और पथ अंत्योदय के संकल्पों को सिद्धि तक पहुंचाने के लिए हम सब संकल्पित हैं। आज डबल इंजन भाजपा सरकार में हर गांव, हर शहर विकास का स्वर्णिम अध्याय लिख रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष निक्की भाले ने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जिसका सदस्य होने हर व्यक्ति के लिए गर्व की बात है। देशहित को सर्वोपरि मानने वाली भाजपा देशभर में जनसेवा का प्रतीक बनी है। विरासत, विज्ञान और विकास को चरितार्थ करते हुए हर देशवासी तक न्याय और समानता सुनिश्चित करना भाजपा का संकल्प है और इस दिशा में संगठन के करोड़ों कार्यकर्ता समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं।

मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे माँ भारती के वरद पुत्रों ने जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी की स्थापना कर राष्ट्र के पुनर्निर्माण में एक राजनीतिक आंदोलन के रूप में करोड़ों कार्यकर्ताओं को संगठित किया। अंत्योदय' के हमारे संकल्प से सेवा, सुशासन और गरीब-कल्याण के स्वरूप में प्रभावी परिवर्तन आ रहा है।

### पार्टी से प्रभावित होकर किया भाजपा प्रवेश

भाजपा प्रवेश करने वालो में कुणाल देवांगन, गोपी देवांगन, हरिशंकर धुरंधर, यशवंत देवांगन, मुकेश देवांगन, प्रभा धुरंधर है। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष रानी बंछोर, महामंत्री अखिलेश मिश्रा, पाटन नगर पंचायत के उपाध्यक्ष निशा सोनी, सभापति व पार्षद केवल देवांगन, पार्षद बिज्जू देवांगन, पार्षद जितेन्द्र निर्मल, पार्षद संगीता धुरंधर, पार्षद देवेन्द्र ठाकुर, केशव बंछोर, नीलकंठ देवांगन, योगेश सोनी, नागेन्द्र कश्यप, सागर सोनी, गोवर्धन बिजौरा, अमित वर्मा, विजयकांत बंछोर, खगेश देवांगन, वेदप्रकाश वर्मा, चिरंजीव देवांगन सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### भाजपा उतई मंडल की कार्यकारिणी बैठक आयोजित

**उतई।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल से 14 तक के कार्यक्रमों की कार्ययोजना को लेकर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू, कार्यालय मंत्री, मनोज सोनी, मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर की उपस्थिति में सोमवार को उतई मंडल की आवश्यक कार्यकारिणी बैठक उतई रेस्ट हाउस में संपन्न हुआ। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी स्थापना दिवस के कार्यक्रमों की सफलता सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं दिलीप साहू, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने अपने विचार रखा। इस महत्वपूर्ण बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं को उत्साहित करने और कार्यक्रमों की व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार के लिए रणनीति पर चर्चा की गई "भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का दिन है। यह हमारे पार्टी के सफर और संघर्ष की उपलब्धियों का प्रतीक है। हमें इसे पूरे उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाना है। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा स्थापना दिवस के दिन आयोजित कार्यक्रमों, प्रभात फेरी, संवाद सत्र, और जनसम्पर्क अभियान जैसे विभिन्न आयोजनों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी उपाध्यक्ष दिलीप साहू, भाजपा कार्यालय मंत्री मनोज सोनी, उतई नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती नरेंद्र साहू आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### संयुक्त यूनियन बोरिया गेट पर करेगा नौ को प्रदर्शन

**भिलाई।** सेल कर्मचारियों का 39 महीने का एरियर सहित वेज रिवीजन आदि लंबित मांगों को लेकर संयुक्त ट्रेड यूनियन 9 द्वारा 9 अप्रैल को बोरिया गेट पर सुबह 8 से 9 बजे तक प्रदर्शन किया जाएगा। संयुक्त यूनियन के संयोजक वंश बहादुर ने बताया की सोमवार को हुई बैठक हुई बैठक में यूनियन नेताओं ने अभी तक वेज रिवीजन के लिए एनजेसीएस मीटिंग नहीं बुलाने पर नाराजगी व्यक्त की। यह निर्णय लिया कि 39 महीने के एरियर्स सहित वेज रिवीजन के अन्य मुद्दों एवं इंसेंटिव स्कीम का रिवीजन, फेस्टिवल एडवांस की राशि बढ़ाने ,650 स्क्वायर फीट तक के क्वार्टर लाइसेंस पर देने व ठेका श्रमिकों का भी वेज रिवीजन करने करने की मांग को लेकर बोरिया गेट पर प्रदर्शन करेगा किया जाएगा। सेल चेयरमैन के नाम से ज्ञापन सौंपकर कर जल्द एनजेसीएस मीटिंग बुलाने की मांग करेगा ।

### एलडी स्लैग गाड़ियों को बीएसपी में 7 नं. गेट से जाने की मिली अनुमति

**भिलाई।** भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने बताया कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा उनकी मांग को स्वीकार कर लिया गया है। एसोसिएशन द्वारा एलडी स्लैग की गाड़ियों के ट्रैफिक की समस्या निदान का निर्णय लिया है। एलडी स्लैग ढोने वाली गाड़ियों को 7 नंबर गेट से प्रवेश देने की अनुमति दे दी है। इससे ट्रांसपोर्टरों को राहत मिलेगी। अब प्रतिदिन 70 गाड़ियों को एलडी स्लैग सामग्री के परिवहन के लिए 7 नंबर गेट से प्रवेश का परमिशन दिया गया है। पहले ट्रकों को अन्य गेट से होकर लंबा और जटिल मार्ग से जाने से समय अधिक लगता था और ईंधन की खपत और ट्रैफिक की समस्याएं भी बढ़ती थीं। 7 नंबर गेट से अनुमति मिलने के बाद अब गाड़ियों का संचालन अधिक व्यवस्थित और सुगम हो सकेगा।एसोसिएशन की ओर से यह मुद्दा कई बार बीएसपी मैनेजमेंट के समक्ष उठाया गया था। इंद्रजीत सिंह ने एसोसिएशन की ओर से बीएसपी प्रबंधन का आभार जताया है।

### कर्मचारियों ने की फॉगिंग शुरू करने की मांग

**भिलाई।** टाउनशिप के निवासी मच्छरों के आंतक से परेशान है। हालात यह है कि यहां के रहवासी मच्छरजनित बीमारियों से ग्रसित होने लगे हैं। वहीं दूसरी ओर टाउनशिप प्रबंधन ने यहां के निवासियों को मच्छरों से निजात दिलाने के लिए फॉगिंग नहीं कराई है। स्टील इंप्लाइज यूनियन ने बैठक के दौरान फॉगिंग शुरू कराने की मांग की है। गर्मी को देखते हुए टाउनशिप में दोनों टाइम पानी सप्लाई की सुविधा शुरू की जाए । महासचिव वंश बहादुर सिंह ने कहा कि इन सभी मांगों पर विभाग प्रमुखों से चर्चा कर जल्द समाधान निकला जाएगा। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा सहित गिरिराज देशमुख, जजी आर सुमन सीपी वर्मा, किशोर प्रधान ताम्रध्वज सिन्हा, अजीत मोहन आदि उपस्थित थे। स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों ने समस्याओं के निदान के लिए दबाव बनाना तेज कर दिया है। बीएसपी प्रबंधन से फेस्टिवल एडवांस 5 हजार से बढ़ाकर 50 हजार करने, हाउस बिल्डिंग एडवांस्ड, ऑटो एडवांस शुरू करने, मच्छर की समस्या को देखते हुए फॉगिंग करने की मांग की है ।

# जेएलएन अस्पताल सेक्टर-9 ने अंकिता को दिया नया जीवन

## डॉक्टरों ने अस्सी प्रतिशत अग्निदग्धा का किया सफल आपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र के बर्न विभाग ने एक बार फिर गंभीर रुप से बीमार एक मरीज को नया जीवन दिया है। डाक्टरों के सतत उपचार से 80 प्रतिशत जल चुकीं अंकिता कुमारी को स्वस्थ किया गया।

मरीज को 19 फरवरी 2025 को ऑक्सीजन एंबुलेंस द्वारा गंभीर स्थिति में सेक्टर-9 अस्पताल स्थित बर्न विभाग में भर्ती कराया गया था। उस समय वे सेप्टिक शॉक में थीं, उनका रक्तचाप और ऑक्सीजन सैचुरेशन अत्यंत निम्न स्तर पर था।



### सेंडविच तकनीक से हुआ उपचार

अंकिता के तीन आपरेशन कर दाहिने हाथ, छाती और गर्दन पर स्किन ग्राफ्टिंग की गई। इस प्रक्रिया में स्किन बैंक की त्वचा का उपयोग करते हुए 'सैंडविच तकनीक' अपनाई गई, जिसके तहत मरीज की त्वचा और स्किन बैंक की त्वचा को बारी-बारी से लगाया गया। 15 दिनों के भीतर जहाँ ग्राफ्टिंग की गई थी और जहाँ से त्वचा निकाली गई थी, दोनों स्थानों पर घाव भरने लगे। हुआ। आपरेशन बाद अंकिता अब न केवल अच्छी तरह खान-पान करने लगीं, बल्कि नियमित फिजियोथेरेपी से उनका शरीर भी सक्रिय हो गया। अंकिता डाक्टरों को बताया कि जब बड़े शहरों के अस्पतालों में उन्हें 75 प्रतिशत जलने की स्थिति में "अब आप नहीं बच पाएँगी" कहा गया, तब सेक्टर-9 अस्पताल ने उन्हें बचाने का पूरा विश्वास दिलाया। की विभाग-प्रमुख व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी, सीएमओ डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर और डॉ .उदय कुमार, डॉ. अनिरुद्ध मेने, डॉ. सौरभ मुखर्जी की टीम ने मरीज को नया जीवन दिया। नव जीवन पाने वाली अंकिता से मिलकर कार्यपालक निदेशक व विभाग प्रमुख डॉ. एम. रविंद्रनाथ ने उनका हौसला बढ़ाया।

चिकित्सालय पहुंचते ही चिकित्सकों की टीम ने तत्परता से उनका उपचार प्रारंभ किया। कुछ ही दिनों में उनका उनका ब्लड प्रेशर एवं ऑक्सीजन सैचुरेशन सामान्य स्तर पर आ गया। अंकिता का 80 प्रतिशत शरीर जला हुआ था और स्किन ग्राफ्टिंग के लिए शरीर के 10 प्रतिशत हिस्से से त्वचा निकाली गई थी। प्रारंभिक उपचार के बाद हाई-रिस्क कंसेंट लेकर पहला ऑपरेशन किया गया, जिसमें उनके बाएँ हाथ से सड़ी हुई त्वचा निकाल कर स्किन ग्राफ्टिंग की गई। पाँच दिनों तक विशेषज्ञ टीम ने प्रोटीन-युक्त पोषण, संक्रमण नियंत्रण, तथा मनोबल बनाए रखने में मदद की।

## पांच साल बाद भी नहीं हुआ वेतन समझौता

# बीएसपी के हजारों ठेका मजदूर न्यूनतम वेतन के लिए तरस रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के हजारों ठेका मजदूरों की पचास साल बाद भी तकदीर नहीं बदली है। नियिमित कर्मचारियों के साथ कीर्तमानी उत्पादन में योगदान देने बाद भी वे बदहाली का जीवन बिता रहे हैं। इस मामले में ठेकेदार, प्रबंधन और श्रम विभाग उदासीन बने हुए हैं। उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र में पूरे सेल में सबसे अधिक श्रमिक काम कर रहे हैं। बीस हजार से अधिक श्रमिक यहां काम करते हैं। उत्पादन से लेकर मेंटेनेंस और पर्यावरण को स्वच्छ रखने के काम में इनका योगदान रेगुलर कर्मचारियों से कम नहीं है। लेकिन दोनों के वेतन और सुविधाओं में जमीन आसमान का अंतर है।

ठेका मजदूर यूनियनों के मुताबिक यह फर्क इसलिए है कि मजदूरों को शोषण कम करने जिम्मेदार एजेंसियां और सरकार गंभीर नहीं है। ठेका मजदूर पचासों निजी कंपनियों और ठेकेदारों के अधीन काम करने के कारण वेतन और सुविधाएं उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी भी कंपनियों की ही है। लेकिन निजी कंपनियां अधिकतर मजदूरों को सरकार द्वारा निर्धारित वेतन भी नही दे रही हैं। उन्हें मात्र पांच से सात हजार वेतन पर काम करने मजबूर होना पड़ रहा है। बतौर प्रथम नियोक्ता बीएसपी प्रबंधन भी ठेकेदारों पर जमीनी दबाव नहीं बना पा रहा है। भत्ते और सामाजिक सुरक्षा आदि सुविधाएं भी नहीं हैं। मजदूरों के पूरा वेतन मांगने पर कंपनियां गेट पास छीनने व काम से निकालने की धमकी देती हैं। पिछले पांच साल से मजदूरों के लिए वेतन समझौता किए जाने की मांग को भी सेल प्रबंधन नजरंदाज कर रहा है।

### चार साल पूर्व एनजेसीएस की बैठक में मिला था पे रिवीजन का आश्वासन



### श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा की जरुरत

गौरतलब हो कि वर्ष 2023 को दिल्ली में हुई एनजेसीएस की बैठक में यूनियनों ने सेल के ठेका मजदूरों को एस -11 नियमित कर्मचारी के बराबर वेतन दिए जाने और बोनस तथा सामाजिक सुरक्षा की मांग की थी। प्रबंधन ने आश्वस्त भी किया था। लेकिन अब तक परिणाम शून्य है। एटक के महासचिव विनोद कुमार सोनी बताता हैं कि सेल प्रबंधन को मजदूरों का वेतन समझौता लागू किए जाने से ही उनका शोषण खत्म होगा। बोनस और समाजिक सुरक्षा मिलना जरुरी है। बीएसपी में दस लाख दुर्घटना बीमा की मांग की जा रही है।

### दुर्घटनाओं का भी खतरा

बीएसपी सहित पूरे सेल में एक लाख ठेका मजदूर काम करते हैं। लेकिन निजी कंपनियों द्वारा अपने अधीन मजदूरों को सेफ्टी किट उपलब्ध कराने में कोताही बरती जा रही है। इस कारण आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं में हताहत मरने वाले सर्वाधिक ठेका मजदूर ही होते हैं। सीटू के महासचिव जगन्नाथ त्रिवेदी बताते हैं कि सेल को सुरक्षा किट की राशि से मजदूरों को को सीधे सुरक्षा उपकरण कराने की मांग कर रहे हैं। इससे ठेकेदारों पर इसके लिए निर्भरता खत्म हो जाएगी। लेकिन सेल व बीएसपी ध्यान नहीं दे रहे हैं। ठेकेदार मनमानी कर रहे हैं।

# धमकी से परेशान दामाद ने ससुर की हत्या कर शव को जलाया, तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

- मृतक की पत्नी-बेटी भी पकड़ में
- पुरानी भिलाई की कार्रवाई

पुराने केस के मामले में समझौता करने के लिए मृतक दमाद और उसकी पत्नी को लगातार नशे की हालत में धमकाया करता था। इससे परेशान होकर प्लान तैयार कर तीनों में हत्या कर शव को ठिकाने लगा दिया। पुलिस ने दमाद, सास और पत्नी को गिरफ्तार किया है। ग्राम दादर पथर्रा में मिले अधजली लाश मामले में पुलिस ने आरोपियों को ट्रेस कर शव का शिनाख्त कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 103(1), 238 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर और डीएसपी हेम प्रकाश नायक ने बताया कि आरोपी और शव का शिनाख्त करने के लिए थाना प्रभारी पुरानी भिलाई महेश ध्रुव और एसीसीयु सउनि गुप्तेश्वर यादव के नेतृत्व में टीम बनाई गई। जांच में पता चला मृतक के हाथ में टैटू बना हुआ था। पुलिस की जांच में पता चला कि प्रोजेक्ट आटोमोबाईल के पास पावर हाउस निवासी रॉकी लांजेवार के रुप में शिनाख्त हुआ है। शव के कुछ दुरी पर बडे वाहन के पहिए के निशान पाए गए। संदेही वाहन की पतासाजी के लिए त्रिनयन एप्प की मदद ली गई। आने-जाने वाले रास्तों के सभी सीसीटीवी फूटेज को चेक किया गया। फूटेज में वाहन आयशर एमएच 40 बीएल 9629 को चिन्हित कर पता किया जा रहा था। मुखबिर ने सूचना दिया कि मृतक रॉकी लांजेवार के दामाद दुल्यांश गजभिये को घटना की रात में उक्त संदेही वाहन को चलाते देखा गया था।

### इसलिए की हत्या

संदेह के रुप में दुल्यांश गजभिये को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने स्वीकार किया कि ससुर रॉकी लांजेवार नशे में अक्सर उसे और उसकी पत्नि सृष्टि गजभिये को पुराने केश में समझौता करने धमकी दिया करता था। घटना के दिन भी रॉकी लांजेवार नशे की हालत में पहुंचा और आरोपी दुल्यांश गजभिये, पत्नि सृष्टि गजभिये को गाली गौलज कर धमकी दे रहा था। इससे आक्रोश में आकर दमाद दुल्यांश ने लोहे के रॉड से रॉकी के सिर में 3-4 वार किया। जब मौत हो गई तो दुल्यांश ने वाहन से केम्प 1 जलेबी चौक जाकर अपनी सास मोहनी लांजेवार को लेकर आया। मृतक के शव को कपड़े, साड़ी, चटाई लपेट कर घर से मिट्टी तेल लेकर अपनी सास मोहनी लांजेवार, पत्नि सृष्टी गजभिये के सहयोग से वाहन में शव को भरकर ग्राम पथर्रा खेत में पहुंचे। आरोपी ने साक्ष्य मिटाने की नियत से शव को आग लगा दी।

### एलएंडडी में स्वच्छता पखवाड़ा, किया जागरुक

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में स्वच्छता पखवाड़ा आयोजन किया गया। इस अवसर पर लर्निंग एंड डेवलपमेंट विभाग द्वारा स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक श्रृंखला की पहल का आयोजन मानव संसाधन विकास केंद्र में किया गया। पखवाड़ा में कार्यक्रम में सीजीएम निशा सोनी,उप महाप्रबंधक वाई एस जौहरी और सौमेंद्र साहा सहित विभाग के अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों तथा ट्रेड अप्रेंटिस (टीए) प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।

### ऑडिट नहीं करा रहा भिलाई निगम विधानसभा अध्यक्ष से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

नगर निगम भिलाई में अफसरों की कार्यप्रणाली की शिकायत को लेकर उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से मिले। रायपुर स्थित विधानसभा अध्यक्ष निवास में पहुंच कर नगर निगम भिलाई के विभिन्न विषयों में चर्चा की। इस दौरान दया सिंह ने बताया कि नगर निगम भिलाई अफसर भारी लापरवाही और मनमानी कर रहे हैं। खुले आम गड़बड़ी की जा रही है। बाबू, कम्प्यूटर ऑपरेट को बड़े-बड़े पद बिठा दिया गया है। अजय शुक्ला जिसका मूल पद बाबू का है, लेकिन जनसंपर्क अधिकारी बन कर सरकारी वाहन का उपयोग कर रहा है। इसी प्रकार डाटा एंट्री आपरेट शरद दुबे को सहायक राजस्व अधिकारी बना दिया गया है। जो निगम के आयुक्त के लिए अवैध वसूली का काम कर रहा है। स्टेनो संजय शर्मा जो कि निगम में सिर्फ हाजरी लगाने के लिए निगम आता है। संगठन के नाम पर नेतागिरी कर रहा है। उसके बाद सेक्टर 6 के पास अपने ड्राइविंग लायसेंस और पासपोर्ट बनाने दुकान चला रहे हैं। निगम के साल भर के आय-व्यय का ऑडिट जो हर साल किया जाना चाहिए। लेकिन बीते कुछ सालों से ऑडिट नहीं किया जा रहा है। इस लिए अध्यक्ष से प्रार्थना है कि निगम का ऑडिट कराया जाए।



# कवियों ने दिया भाषायी एकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

- मैत्री विद्या निकेतन में प्रलेसं का बहुभाषीय काव्य पाठ

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ भिलाई दुर्ग के तत्वावधान में अखिल भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ के 90 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बहुभाषीय काव्य पाठ का आयोजन मैत्री विद्या निकेतन विद्यालय के सभागार में किया गया । लघुभारत के 14 भाषाओं के कवियों ने संदेशपरक कविताओं का पाठ किया । कार्यक्रम के अध्यक्ष कथाकार लोकबाबू ने कहा हमारा देश संस्कृतियों का समुद्र है ,यहां नाना प्रकार की विविधताओं के बीच एकता का सूत्र इसे सदियों से बांधे रखा है। प्रगतिशील लेखक संघ सभी भाषाओं और लेखन से जुड़ा मुख्य अतिथि जन कवि डॉ. जीवन यदु ने कहा कि आयोजन उद्देश्यपरक होने के साथ रचनात्मकता और भाषायी एकता स्थापित करने में प्रगतिशील संगठन सदैव अग्रणी रहा है । विशिष्ठ अतिथि सहित्यकार रवि श्रीवास्तव ने कहा कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय प्रलेसं के 90 वर्ष होने के उपलक्ष्य में मना रहे हैं हम स्थापना के आगामी शताब्दी वर्ष भी मनाएंगे । विशिष्ठ अतिथि राजम सुधाकरन ने कहा सभी भाषाओं के साहित्यकारों को जोड़ने बहुभाषीय काव्य पाठ का यह आयोजन हमारे मैत्री विद्या निकेतन में सम्पन्न हुआ हमारे लिए यह गर्व की बात है। मैत्री विद्या निकेतन प्रमुख साजन सुधाकरन ने कहा कि ऐसे महत्वपूर्ण आयोजन होते रहना चाहिए राष्ट्रीय एकता के लिए हम सबका जुड़ाव जरूरी है। छग प्रलेसं अध्यक्ष के महासचिव परमेश्वर वैष्णव ने कहा कि हमारा प्रगतिशील लेखक संघ सभी भाषाएं उत्तर से दक्षिण पूरब से पश्चिम देश को जोड़ती हैं। सृजन मूल्यों के परिमार्जन लिए बहुभाषीय काव्य पाठ का यह आयोजन महती आयोजन है। कार्यक्रम का संचालन प्रलेसं के प्रांतीय अध्यक्ष परमेश्वर वैष्णव ने किया।




### इन कवियों ने किया काव्यपाठ

कार्यक्रम में हिंदी भाषा से रवि श्रीवास्तव,संकल्प यदु,मलयालम से के .ए. नारायणन,के.सुधाकरन,तेलुगु से रुद्रमूर्ति, व्ही. अप्पा राव,तमिल से वेंकट सुब्रमण्यम,मराठी से शरद कोकास,पंजाबी से गुलवीर सिंह भाटिया,सन्तोष झांझी,उड़िया से स्नेहलता पाणिग्रही, सुजाता पटनायक,गुजराती सेनपल्लवी त्रिवेदी,सिंधी से रवि आनन्दानी,बंगाली से समरेंद्र विश्वास ,वाणी चक्रवर्ती,उर्दू से मुमताज, डॉ. नौशाद अहमद सिद्दीकी सब्र, अब्दुल सलाम कौसर, छत्तीसगढ़ी से डॉ. जीवन यदु ,बलराम चंद्राकर, भोजपुरी से शमशीर शिवानी ने अपनी मूल कविता का पाठ किया । अनुवाद का पाठ राजमा सुधाकरण, साजन सुधाकरण,परमेश्वर वैष्णव,मणिमय मुखर्जी, राजेश श्रीवास्तव, विजय वर्तमान,विनोद सोनी,प्रकाश मंडल,आश्वला यदु ने किया ।

### सदर गौरव पथ मंडल में मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस



**दुर्ग।** भाजपा के 45 वां स्थापना दिवस में जिला भाजपा कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद मंडल में निवासरत पूर्व सांसद मोहन लाल जैन के निवास जाकर ध्वजारोहण किया। वरिष्ठ भाजपा नेता चैनसुख भट्टड़ एवं डॉ. शरद चन्द्र अग्रवाल के निवास जाकर ध्वजारोहण किया गया।शहर विधायक गजेन्द्र यादव के कार्यालय में भी ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष महेन्द्र लोढ़ा, निगम एमआईसी मेम्बर लीलाधर पाल, पार्षद जीतू महोबिया, पार्षद राम चंद सेन, पार्षद सरिता चंद्राकर, छाया पार्षद पूनम यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## कर्मियों की समस्याओं के निदान के लिए जल्द हो प्रक्रिया

# श्रमिक संगठनों को मान्यता यूनियन के चुनाव का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र कर्मियों की यूनियनों को मान्यता यूनियन चुनाव का इंतजार है। पिछली मान्यता यूनियन का कार्यकाल को समाप्त हुए 6 महीने बीतने के बाद भी अब तक चुनाव की घोषणा नहीं होने का खामियाजा कर्मियों को भुगतना पड़ रहा है। निर्धारित समय पर यूनियन मान्यता चुनाव नहीं होने से कर्मियों की कई समस्याएं लंबित हैं।

बीएसपी में मान्यता यूनियन के लिए चुनाव हर दो साल में कराए जाने का नियम है। पिछले चुनाव में सर्वाधिक वोट हासिल कर मान्यता हासिल करने वाले श्रमिक संगठन बीएमएस ( भिलाई इस्पात मजदूर संघ) का कार्यकाल 23 सितंबर 2024 को समाप्त हो चुका है। लेकिन 6 माह बीतने के बाद भी अब तक उप मुख्य श्रमायुक्त (केंद्रीय) और बीएसपी प्रबंधन द्वारा अब तक चुनाव की घोषणा नहीं की गई है। इसके चलते प्रतिभागी यूनियनों में बेचैनी है। यूनियनों के मुताबिक मान्यता यूनियन के नहीं होने से प्रबंधन से कर्मचारियों के मुद्दों के निदान के लिए चर्चा और इसके निदान के लिए दबाव नहीं बन पा रहा है। नियमानुसार चुनाव के लिए सभी प्रतिभागी यूनियनों को उप मुख्य श्रमायुक्त से अपना डिटेल प्रस्तुत कर मांग करना है। सीटू, लोईमू व लोइमू सहित 3 यूनियनें प्रबंधन और उप मुख्य श्रमायुक्त केंद्रीय से मांग भी कर चुकी हैं। वहीं सीटू ने महीनेभर पूर्व महाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध विभा) जे एन ठाकुर से मिलकर चुनाव के संदर्भ में चर्चा की। चर्चा के दौरान प्रबंधन ने चुनाव को लेकर प्रबंधन द्वारा उठाए जा रहे कामों को साझा करते हुए कहा कि प्रबंधन चुनाव के संदर्भ में उप मुख्य श्रमायुक्त (केंद्रीय) से चुनाव के संदर्भ में से चर्चा किए हैं, जिसके तहत उप मुख्य श्रमायुक्त केंद्रीय बीएसपी प्रबंधन एवं भिलाई की यूनियनों के बीच त्रिपक्षीय बैठक में विस्तार से चर्चा होगी। लेकिन अब तक बैठक और प्रक्रिया धीमी होने से चुनाव की घोषणा नहीं हुई है। विदित हो कि इस बार चुनाव में दस पुरानी यूनियनों सहित 11 श्रमिक संगठन भाग लेंगे।

### जल्द कराएं गुप्त मतदान से चुनाव

"मान्यता समाप्त हो जाने के बाद निर्मित होने वाले शून्य काल की स्थिति हमेशा कर्मियों के लिए घातक होती है 23 सितंबर 2024 को पिछली मान्यता प्राप्त यूनियन का कार्यकाल का अंतिम दिन था सीटू ने 24 सितंबर 2024 को गुप्त मतदान द्वारा सदस्यता की जांच कर नई मान्यता यूनियन चुनने की प्रक्रिया प्रारंभ करने हेतु प्रबंधन को पत्र दिया था तब से लेकर अब तक शून्य काल की स्थिति बनी हुई है । गुप्त मतदान से चुनाव करवाना जरुरी है।

जगन्नाथ प्रसाद द्विवेदी, महासचिव सीटू

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-



By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 8 अप्रैल 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

74154-69100, Message at - 9755819129




02

बुद्ध भूमि कोसानगर में मनाई गई सम्राट अशोक की जयंती

## लाइव इवेंट

### बाजे-गाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा, प्रतिभावान सम्मानित



**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नगपुरा में स्थानीय ग्रामीण साहू समाज द्वारा भक्त शिरोमणि मां कर्मा जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई और समाज के प्रतिभावानों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर उपस्थित रहे। उन्होंने भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया और महाप्रसाद खिचड़ी ग्रहण किया। कर्मा जयंती के अवसर पर नगर में कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान महिलाओं ने भक्त माता कर्मा और दानवीर भामासाह जयकारे लगाते हुए क्षेत्र का भ्रमण किया। कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं और समाज के उत्थान के लिए काम करने वाले और नगर के नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधियों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में साहू समाज पूरी दृढ़ता, ईमानदारी, परिश्रम एवं मजबूती के साथ खड़ा है। साहू समाज मेहनतकस होने के साथ-साथ धार्मिक प्रवृत्ति वाला है। यह एक ऐसा समाज है जो नशे से दूर रहकर व आर्दश विवाह शुरूकर राज्य के विकास में अपना योगदान दे रहा है। उन्होंने भक्त माता कर्मा का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने अपने भक्ति बल पर बालक श्रीकृष्ण का आव्हान किया था। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दुर्ग जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू, सरपंच सरोज रिंगरी, जनपद सदस्य रजनी साहू, अंजोरा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष भेखाराम साहू, स्थानीय साहू समाज अध्यक्ष और पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, भूतपूर्व सरपंच सुखदेव देवांगन, भूपेन्द्र रिंगरी, अंडा-निकुम मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, पुराण देशमुख, देव प्रसाद साहू, सोसायटी अध्यक्ष मुकेश मंडले, पवन महतेल, पंच संजय देशमुख, चिंटू जैन, गवेंद्र देवांगन, शिव निषाद आदि मौजूद थे।

- ग्राम नगपुरा में स्थानीय साहू समाज में धूमधाम से मनाई गई कर्मा जयंती

## सिटी इवेंट

### ऑल इंडिया पॉवर लिफ्टिंग पुरूष स्पर्धा में पहली बार मिला सिल्वर मेडल



**भिलाई।** ऑल इंडिया पावर लिफ्टिंग पुरूष प्रतियोगिता का आयोजन यूनिवर्सिटी ऑफ कश्मीर में 4 से 7 अप्रैल तक आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के खिलाड़ी कुशाल पटेल ने 59 वजन वर्ग समूह में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी के बराबर ही 640 किलो वजन उठाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मैडल प्राप्त किया। खिलाड़ी के इस जीत पर विश्वविद्यालय के कुलपति व आयुक्त दुर्ग संभाग सत्य नारायण राठौर, कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप एवं खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने शुभकामनाएं दिए। इस टीम के मैनेजर क्षेत्रपाल चन्द्राकर खाद्य व प्रशिक्षक राज वासनिक उतई है। खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले दो वर्षो में पॉवर लिफ्टिंग महिला टीम के खिलाड़ियों में एश्वर्या नंदी व डी भाविका ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया था लेकिन पहली बार पुरूष टीम के खिलाड़ी ने सिल्वर मेडल प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। साथ ही हेमचंद यादव विश्वविद्याल दुर्ग द्वारा कुल 57 विभिन्न खेलों के लिए टीमें भेजे जा चुकी हैं जिसमें 12 टीम के खिलाड़ियों ने टीम व व्यक्तिगत खेल विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया हैं। खिलाड़ियों के लगातार इस प्रकार के प्रदर्शन से विश्वविद्यालय में हर्ष का माहौल बना हुआ हैं। विश्वविद्यालय खिलाड़ियों के प्रदर्शन से विश्वविद्यालय क्रीड़ासमिति के सदस्य डॉ. रमेश त्रिपाठी, डॉ. मुन्ना लाल नंदेश्वर एवं महाविद्यालयों के क्रीड़ाधिकारीगण डॉ. ऋतु दुबे, डॉ. नरेश दिवान, अरूण चौधरी, लक्ष्मेन्द्र कुलदीप, दुर्गा जंघेल एवं युवराज राउत ने बधाई दी।

- 640 किलो वजन उठाकर किया उत्कृष्ट प्रदर्शन
- हेमचंद यादव विवि के छात्र बने विजेता



● कला मंदिर में बीएसपी के जन स्वास्थ्य विभाग ने मनाया विश्व स्वास्थ्य दिवस

# सामूहिक प्रयास से ही स्वच्छ भारत मिशन होगा साकार, 160 स्वच्छता दूतों को किया सम्मानित, स्वास्थ्य के प्रति रहें जागरूक

**भिलाई।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के जन स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को अपना वार्षिक उत्सव महात्मा गाँधी कला मंदिर में मनाया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार और अध्यक्ष ईडी डां. एम रविन्द्रनाथ थे। विशेष अतिथि रीजनल डायरेक्टर डॉ. अनिता सावंत, शंकराचार्य विश्वविद्यालय की एचओडी डॉ कोमल मेश्राम, जेएलएन अस्पताल के सीएमओ डां. कौशलेंद्र ठाकुर, मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता, सेफी चेयरमेन व ओए-बीएसपी के अध्यक्ष एनके बंछोर थे।

### दो लघु फिल्मों से दिया स्वच्छता का संदेश

अतिथियों ने 160 स्वच्छता दूतों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्वच्छता और पर्यावरण पर आधारित दो लघु फिल्मों 'परिवर्तन और सूखा कचरा' तथा 'गीला कचरा' का प्रदर्शन भी किया गया। पीएचडी विभाग के कर्मियों को उपहार भेंट किया गया ।कार्यक्रम में महाप्रबंधक विष्णु के पाठक, केके यादव, प्रशान्त तिवारी,एमके साहू, डॉ एन के जैन, उप महाप्रबंधक आर गर्ग, राजीव कुमार, ओए महासचिव परविंदर सिंह. एजीम सरोज झा व यशवंत कुमार साहू, वरिष्ठ प्रबंधक आरके गुप्ता व वी के भोंडेकर, सहायक प्रबंधक देवानंद चौहान और अंकुर मानिकपुरी आदि उपस्थित थे। पवन कुमार ने कहा की सफाई मित्रों की शहर में बहुत बड़ी भूमिका है। महिला सफाई दूतों के स्वास्थ्य संवर्धन हेतु भी संयंत्र के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं व निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभागों के संयुक्त प्रयास से मिशन लक्ष्मी जैसे विशेष स्वास्थ्य अभियान चलाये जा रहे हैं। सफाई के लिए लोगों को अधिक जागरुक करने की जरुरत है।









### प्रदूषण है स्वास्थ्य का दुश्मन



डॉ अनिता सावंत ने कहा कि प्रदूषण ही स्वास्थ्य का सबसे बड़ा दुश्मन होता है। भिलाई की स्वच्छता और हरियालीयुक्त वातावरण के कारण ही लोग इस शहर को छोड़कर जाना नहीं चाहते। डॉ एम रविन्द्रनाथ ने कहा कि सामूहिक प्रयास से ही स्वच्छ भारत मिशन को साकार किया जा सकेगा। उत्पल दत्ता ने भी आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का आह्वान किया। सेफी चेयरमेन व ओए-बीएसपी के अध्यक्ष एन के बंछोर ने कहा कि हमें साथ मिलकर पर्यावरण को सहेजना होगा। महाप्रबंधक केके यादव ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम का संचालन क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के सुप्रियो सेन ने संचालन तथा वरिष्ठ प्रबंधक आरके गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# पर्यावरण जागरुकता का संदेश लेकर हिमालयन ट्रैकिंग पर रवाना हुए भिलाई के चार साहसी





भिलाई। यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया भिलाई इकाई के चार सदस्य हिमालयन बेस कैम्प ट्रैकिंग में भागीदारी करने दुर्ग से रक्सौल रवाना हुए। संस्था के पदाधिकारियों ने सफलतापूर्वक भागीदारी के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कर उन्हें दुर्ग रेलवे स्टेशन से रवाना किया। प्रतिभागी सदस्य पन्द्रह दिनों का ट्रैकिंग पूरा कर 23 अप्रैल को वापस भिलाई आयेंगे। यूथ हॉस्टल्स भिलाई इकाई के चेयरमेन के. सुब्रमण्यम ने बताया कि देवेन्द्र कुमार सिंह, नवीन कुमार सिंह, अभिजीत कुमार सिंह और पवन शर्मा हिमालयन बेस कैम्प ट्रैकिंग में शामिल होकर भिलाई इकाई और छत्तीसगढ़ राज्य शाखा को गौरवान्वित कर रहे हैं। इन प्रतिभागियों में देवेन्द्र कुमार सिंह, नवीन कुमार सिंह और पवन शर्मा भिलाई इस्पात संयंत्र से हैं तथा अभिजीत कुमार सिंह व्यवसायी हैं। इस दौरान ट्रैकर्स रक्सौल, काठमांडू, थम डंडा, पाक डिंग, नामचे बाजार, तेंग बोचे, डिंग बेचे, लिंबाचे, एवरेस्ट बेस कैम्प गोरकशेप, फेरीचे, काला पत्थर और चौरीखर्क जैसी जगहों पर उपस्थिति देते हुए ट्रैकिंग पूर्ण करेंगे। ये सदस्य रास्ते में हर जगह पर्यावरण जागरूकता का सन्देश देते आगे बढ़ेंगे। भिलाई इकाई सचिव सुबोध देवाँगन ने बताया कि हिमालयन बेस कैम्प ट्रैकिंग यूथ हॉस्टल्स का एक बेहद रोमांचक खूबसूरत और चुनौतीपूर्ण ट्रैकिंग है। जोखिम और साहसिक गतिविधियों में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए यह एक सपने की तरह होता है, जहाँ प्रतिभागियों के साहस, उत्साह, धैर्य और आत्मबल का परीक्षण होता है। भिलाई इकाई के सदस्यों द्वारा हिमालयन बेस कैम्प ट्रैकिंग में भागीदारी करने पर संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों ने उनके सफलतापूर्वक आयोजन पूर्ण करने के लिए शुभकामनाएं दी है।

# मायके आई माता की सिंदूर खेला के साथ हुई विदाई, मांगा आशीर्वाद



**भिलाई।** चैत्र नवरात्र में बंग समुदाय द्वारा आयोजित बासंती पूजा में मायके आई दुर्गा माता की विदाई सोमवार को सेंदूर खेला की रस्म के साथ की गई। ट्विनसिटी के सभी कालीबाड़ियों में षष्ठी तिथि से आयोजित दुर्गा पूजा का दशमी तिथि पर समापन हुआ। इस अवसर पर सेक्टर 6 कालीबाड़ी, शांती नगर, हाऊसिंग बोर्ड, हुडकों में विराजित माता दुर्गा की प्रतिमा का विर्सजन किया गया। दशमी तिथि पर बंगाली समाज की महिलाओं द्वारा परंपरानुसार माता की गोद भराई करते हुए सिंदूर दान कर मुंह मीठा कराया। सिंदूर खेला की रस्म के बाद सभी महिलाओं ने भी एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर माता का आशिर्वाद लिया। शाम को गाजे-बाजे के साथ मायके आई माता का विधि-विधान से पूजा कर विदाई की गई। इस दौरान प्रतिमा के साथ साथ ज्योत का भी विसर्जन किया गया।

## हरे कृष्णा मूवमेंट भिलाई में हुआ आयोजन, पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालु

कार्नर न्यूज





# हरे राम, हरे कृष्णा का जप कर प्रभु भक्ति में झूमें भक्त, रामतारक यज्ञ में दी आहूति

भिलाई। हरे कृष्णा मूवमेंट अक्षय पात्र भिलाई द्वारा राम नवमी महोत्सव का आयोजन किया गया। चैत्र मास की नवमी तिथि पर आयोजित महोत्सव में हजारों भक्तों ने हरे राम, हरे कृष्णा का जप करते हुए प्रभु भक्ति में झूमते रहे। अक्षय पात्र सेक्टर-6 हरे कृष्णा मूवमेंट अध्यक्ष व्योमपाद दास ने बताया कि चैत्र माह की नवमी तिथि पर अभिजीत मुहूर्त में दोपहर 12 बजे प्रभु राम अयोध्या में राजा दशरथ और माता कौशल्या के पुत्र स्वरुप प्रकट हुए थे।



### भगवान सीताराम के रूप में किया श्रृंगार

राम नवमीं पर आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर भक्तों ने पूरे दिन उपवास किया और राम को उनके पवित्र नामों से जप कर तथा रामायण सुनाकर याद किया। इस दिन अक्षय पात्र में राधा कृष्णचन्द्र का विशेष अलंकार भगवान सीता राम के रूप में श्रृंगार किया गया। मंदिर प्रांगण को रंग-बिरंगे फूलों और लाईटों से सजाए गए और एक भव्य मंडप में राम दरबार की स्थापना की गई थी।

### निकाली भगवान की दिव्य पालकी यात्रा

शाम में भव्य रामतारक यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें सभी भक्तों ने आहुति दी। इस दौरान मंदिर परिसर में भगवान की दिव्य पालकी यात्रा निकाली गई। भगवान के नाम पाठ एवं दिव्य कीर्तन से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। शयन आरती के साथ ही रामायण का पाठ किया गया जिसमें सम्पूर्ण रामायण का संक्षेप में वर्णन किया गया। अंत में सभी भक्तों को प्रसादम वितरित किया गया।



## सिटी इवेंट

# काल गणना विज्ञान में महाकाल की नगरी अद्भुत, किया भ्रमण



**भिलाई।** देश-विदेश के शैक्षणिक यात्री एवं लेखक आचार्य डॉ.महेश चंद्र शर्मा हाल ही सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व की नगरी उज्जैन से लौटे। उन्होंने अपने इस सांस्कृतिक प्रवास में इस प्राचीन नगरी का महत्व विशेष रूप से उल्लेखित किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में देश-दुनिया में भारतीय नववर्ष , विक्रमी संवत 2082 मनाया जा रहा है। उज्जैन के विद्वान- राजा वीर विक्रमादित्य और महाकवि कालिदास के आराध्य भगवान महाकाल की नगरी उज्जयिनी की काल गणना भी अद्भुत और प्रेरक है।

- **उज्जैनी के ज्ञान -विज्ञान प्रवास से लौट कर आचार्य शर्मा ने कहा**

उन्होंने कहा कि उज्जैन ठीक कर्क रेखा पर स्थित है। यहां की शासकीय जीवाजी वेधशाला भी उल्लेखनीय है। डॉ. शर्मा ने बताया कि यहां विक्रमादित्य की वैदिक घड़ी काल गणना का सबसे पुराना और प्रामाणिक उदाहरण है। इसे जयपुर के प्रसिद्ध गणितज्ञ और ज्योतिषी महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय ने स्थापित किया और स्व.महाराजा जीवाजी राव सिंधिया ने 1923 में ने इस वेधशाला का जीर्णोद्धार कराया। विगत वर्ष प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने इसका लोकार्पण किया। इस दौरान वेधशाला के अधीक्षक डॉ.राजेन्द्र प्रकाश गुप्त एवं शिक्षक डॉ.गिरिवर शर्मा ने आचार्य डॉ.महेश चन्द्र शर्मा को विक्रमादित्य वैदिक घड़ी और वेधशाला का विस्तृत अवलोकन कराया। इसरो के चेयरमैन और वेदों के भी ज्ञाता श्रीयुत् श्रीधर सोमनाथ भी वर्ष 2023 में इसका अवलोकन कर प्रशंसा कर चुके हैं।डॉ. महेश ने सपरिवार महाकाल शिवजी के दर्शन उपरांत भारतीय ज्ञान-विज्ञान परंपरा के संदर्भ में वैदिक घड़ी, तारामण्डल , ग्लोब एवं नक्षत्र वाटिका का शैक्षणिक भ्रमण किया।

## धर्म इवेंट

# मेडिटेशन परमात्मा से जोड़कर देता है आत्मिक बल और शांति



**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा कुटेला भाटा और करंजा भिलाई गांव में विशेष राजयोग मेडिटेशन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ब्रह्माकुमारी इंद्राणी और गायत्री उपस्थित रहीं। शिविर का मुख्य उद्देश्य व्यसनमुक्त, स्वच्छ और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध गोकुल गांव की परिकल्पना को साकार करना था। ब्रह्मकुमारी इंद्राणी ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि राजयोग ध्यान व्यक्ति को परम शक्ति परमात्मा से जोड़कर आत्मिक बल, मानसिक शांति और नैतिक मूल्यों से संपन्न बनता है।जब व्यक्ति स्वयं को सुधारता है तो पूरा समाज स्वाभाविक रूप से बदलता है। उन्होंने उपस्थित ग्रामवासियों को ध्यान की विधियां सिखाईं और व्यसन से दूर रहकर एक सकारात्मक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। ब्रह्मकुमारी गायत्री ने गोकुल गांव के बारे में बताते हुए कहा कि जहां बुराईयों, व्यसनों का अंश मात्र भी स्थान नहीं होगा, वहां गोकुल गांव बनने के पथ पर हमारा पहला कदम होगा। जिसे बीके गायत्री ने राजयोग कमेंट्री के माध्यम से सभी को शांति और शक्ति की गहन अनुभूति कराई। इस आयोजन में विशेष रूप से सरपंच गनीया रावते, उप सरपंच शशांक साहू, जनपद रजनी साहू, बी के ढाल, तुलेश्वर और संतोष उपस्थित रहे।

## हेल्थ लाइव

# हेल्थकेयर और नर्सिंग में करियर के अवसर पर दी जानकारी



**भिलाई।** मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग कुम्हारी द्वारा नर्सिंग में करियर के अवसर कार्यक्रम का आयोजन किया। छात्रों को शैक्षिक जीवन से व्यावसायिक दुनिया में संक्रमण में मार्गदर्शन करने के लिए आयोजन किया गया था। यह कार्यक्रम कॉलेज के कैंपस डायरेक्टर कृष्णकांत की देखरेख में आयोजित किया गया, जिसमें प्रिंसिपल डॉ. वर्निश कुमार, उपप्रधानाचार्य डॉ. फिबिना चिलाटे और सभी शिक्षण और नर्सिंग छात्रों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को सही करियर निर्णय लेने में मदद की गई साथ ही ज्ञान, कौशल और संसाधनों से परिचित कराया गया। कार्यक्रम के दौरान ऑनलाइन विशेष वक्ता अरविंद वर्मा सह-संस्थापक, वर्मा गंभ म्यूनिख, जर्मनी ने अपनी टीम के साथ छात्रों को जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और स्विट्जरलैंड में हेल्थकेयर कार्यबल का हिस्सा बनने के अवसरों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये देश विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ उनके करियर को आगे बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।

- **मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कुम्हारी में कार्यक्रम का आयोजन**

● बालाजी मंदिर में मनाया जा रहा रामनवमी पर्व, भक्तों ने लिया प्रभु का दर्शन लाभ

# सनातन विधि-विधान से निभाई गई सीता-राम विवाहोत्सव की रस्में, सैकड़ों भक्तों ने ग्रहण किया महाभोग, प्रजा की उपस्थिति में होगा राज्याभिषेक





**भिलाई।** बालाजी मंदिर में आंध्र साहित्य समिति के तत्वावधान में पांच दिनों से मनाई जा रही रामनवमी के चौथे दिन भक्तों की भारी भीड़ के बीच सीताराम कल्याणोत्सव (विवाहोत्सव) सनातन विधि-विधान से संपन्न हुआ। विवाहोत्सव के इस अलौकिक दृश्य को देखने के लिए आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में तेलुगुभाषियों के अलावा अन्य लोग भी जुटे। विवाहोत्सव के बाद सबसे पहले यजमानों ने भगवान बालाजी के दर्शन किए और उसके बाद अन्य भक्तों ने दर्शनलाभ लिया। इस अवसर पर महाभोग भी रखा गया, जिसे सैकड़ों की संख्या में लोगों ने ग्रहण किया। अगले दिन इसी मंदिर में भगवान श्रीराम का पट्टाभिषेक (राज्याभिषेक) किया जाएगा।

### विवाहोत्सव की रस्में निभाई गईं

विवाहोत्सव से पहले मंदिर के पुजारी गोपालाचारी के सान्निध्य में वैदिक मंत्रों के बीच भगवान श्रीराम और माता सीता के उत्सव विग्रहों को नूतन वस्त्रों तथा स्वर्णाभूषणों से अलंकृत कर पूजा स्थल पर प्रतिष्ठित किया गया। उसके बाद पुजारी ने पुण्याहवचनम्, रक्षाबंधनम् एवं विशेषाराधना की। जिसके बाद पंडित ने मांगल्यधारण, उक्तहोम और पूर्णाहुति जैसे अनुष्ठान कराए। विवाहोत्सव में जनेऊ संस्कार, वस्त्रदान, कन्यादान, मालाओं का आदान-प्रदान और प्रतीकात्मक रूप से मंगलसूत्र धारण कराने जैसी रस्में भी निभाई गईं। मंदिर प्रांगण भीड़ से अट गया था, जिन्हें जगह नहीं मिली वे अपने इष्ट देव के दर्शन के लिए बाहर ही अपनी बारी की प्रतीक्षा करने लगे।

### आज श्रीराम का राज्याभिषेक

इस अनुष्ठान में यजमान के रूप में बीए नायडु दंपति के अलावा राजेश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, विवेक जैन, रूपेश जैन, अशोक जैन, श्याम सुंदर समेत दस दंपति बैठे थे। वहीं उत्सव में अध्यक्ष पीवी राव, सचिव पीएस राव, उपाध्यक्ष के सुब्बाराव, कोषाध्यक्ष टीवीएन शंकर, उप कोषाध्यक्ष एनएस राव, संयुक्त सचिव के लक्ष्मीनारायण व एस रवि तथा एक्जीक्यूटिव कमेटी के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा। इससे पहले शनिवार को भगवान बालाजी तथा श्रीराम-माता सीता का अभिषेक किया गया। अभिषेक के बाद श्रीराम का वर के रूप में तथा माता सीता का वधू के रूप में श्रृंगार किया गया। रामनवमी के अंतिम दिन सोमवार को श्रीराम का राज्याभिषेक किया जाएगा।



## आयोजन की तैयारी...

# दिव्य 108 कुंडीय गौ प्रतिष्ठा महायज्ञ और विष्णु महापुराण 15 मई से भिलाई में



**भिलाई।** गौ माता की प्रतिष्ठा एवं राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के उद्देश्य से इस्पात नगरी भिलाई में 15 मई से 25 मई तक दिव्य 108 कुंडीय गौ प्रतिष्ठा महायज्ञ एवं विष्णु महापुराण का आयोजन श्रीराम चौक खुर्सीपार खेल ग्राउंड में किया जा रहा है। यह महायज्ञ जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य में होगा। इस आयोजन में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा शुद्ध देशी गाय के घी से एक करोड़ आहुतियां दी जाएगी। यज्ञ शाला में देश भर से साधु-संन्यासी तथा श्रद्धालु सम्मिलित होंगे। प्रेसवार्ता के दौरान प्रेस वार्ता के दंडी स्वामी ने बताया कि इस महायज में देशभर की सभी गौ-प्रजातियों के शुद्ध घी का प्रयोग किया जाएगा और यह आयोजन अपनी धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक भव्यता के कारण ऐतिहासिक स्वरूप धारण करेगा। महायज का उद्देश्य देश में गौहत्या की अमानवीय प्रथा को समाप्त कर गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाना है। जिसके लिए जगद्गुरु शंकराचार्य के मार्गदर्शन में एक सामूहिक जन-जागरण अभियान का भी संचालन किया जाएगा। प्रतिदिन शाम को स्वयं जगद्गुरु शंकराचार्य द्वारा विष्णु महापुराण कथा सुनाई जायेगी, जिसमें धर्म, संस्कृति एवं गौ सेवा का मर्म विस्तार से समझाया जाएगा। यज्ञशाला का भूमिपूजन सोमवार को चैत्र शुक्ल दशमी के दिन दंडी स्वामी मज्ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज (सपाद नशेश्वर धाम, सलधा) की उपस्थिति में विधिवत रूप से संपन्न हुआ। उन्होंने सभी गौ भक्तों, सनातनियों और राष्ट्रप्रेमियों से अपील करते हुए कहा कि वे इस पावन अनुष्ठान में उपस्थित होकर, यज्ञ शाला की परिक्रमा करें, आहुति का संकल्प ले और गौमाता की प्रतिष्ठा के लिए अपना योगदान प्रदान करें। यज में भाग लेकर श्रद्धालु अपने ईष्ट, पूर्वजों एवं परिवारजनों की सुख-समृद्धि तथा गौमाता के कल्याण व पुण्य के भागीदार बन सकते हैं।



## दानदाताओं का हुआ सम्मान

# बुद्ध भूमि कोसानगर में मनाई गई सम्राट अशोक की जयंती



**भिलाई।** बुद्ध भूमि परिसर में महान सम्राट अशोक की प्रतिमा के पास चक्रवर्ती देवानांप्रिय सम्राट अशोक महान की जयंती मनाई गई। बौद्ध कल्याण समिति के संस्थापक सदस्य नेकराम रामटेके ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम के दौरान सम्राट अशोक सहित अन्य महामानवों की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित कर मोमबत्ती और अगरबत्ती जलाकर सामूहिक त्रिशरण पंचशील ग्रहण किया गया। बौद्ध कल्याण समिति को दान करने वाले परिवार वर्तिका वासेकर, विनोद वासेकर, शीतल वासेकर, कुंदा धवले, शारदा धवले, स्नेह लता रंगारी,मधु मेश्राम ,शीला वासेकर ,दिनेश मेश्राम तथा नासिक से आई उपासिका का सम्मान पुष्प गुच्छ भेंट कर किया।

बौद्ध कल्याण समिति के पदाधिकारी ज्ञानचंद टेम्भुरनीकर, रंजू खोबरागड़े और प्रितेश पाटील तथा भिमाई महिला मंडल की अध्यक्ष दानशीला रामटेके तथा सदस्य गीतेश्वरी रामटेके ,मंजूषा मेश्राम ,रानू कोल्हटकर ,मीनाक्षी मून ,पूर्णिमा मेश्राम और नीलम कोलहटकर ने दानदाता परिवार को साधुवाद दिया और उनके सुखमय जीवन के लिए मंगल कामनाएं की। इस अवसर पर सुगत मेश्राम, डॉ अरविंद चौधरी अनिल जोग, विजय बोरकर, डॉ उदय धाबर्डे और अशोक धवले ने संबोधित किया। सम्राट अशोक द्वारा बौद्ध धम्म के प्रचार प्रसार के योगदान पर प्रकाश डाला और कहा कि सम्राट अशोक के बनाये अशोक चक्र को तथा चार सिंह के अशोक स्तंभ को बाबासाहेब ने राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में राष्ट्रीय ध्वज तथा राष्ट्रीय मुद्रा में प्रतीक चिन्ह के रूप में अपनाया था। डॉ बाबासाहेब आंबेडकर भी भारत को सम्राट अशोक के राज्य जैसा बौद्धमय बनाना चाहते थे। इस अवसर पर सुशील रामटेके नितेश सोनटके,शैलेंद्र मेश्राम, कमल मेश्राम सहित युवा समिति के पदाधिकारी तथा अन्य सम्मानित अतिथिगण वीके डोंगरे, इंद्र कुमार रामटेके ,कुलदीप बाम्बोलकर तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## आर्य समाज में हुआ हवन, 151 ने यज्ञ में दी आहुति

# राम को पढ़ने और जानने वाला कभी डिप्रेशन का शिकार नहीं हो सकता, बच्चे असफलताओं से घबराये नहीं



कार्नर न्यूज

**भिलाई।** भगवान राम को धर्म का स्वरूप कहा गया है। पति-पिता, भाई-बंधु और राजा कैसा होना चाहिए यह सब राम के चरित्र से मिल जाता है। वाल्मीकि ने लिखा है कि जिस समय राज्याभिषेक की सूचना मिली और जब वनवास मिला दोनों ही समय में राम के चेहरे को देखा था और दोनों ही समय चेहरे में कोई शिकन नहीं थी। आजकल के बच्चे छोटी-छोटी असफलताओं के सामने घुटने टेक देते हैं। राम को पढ़ने और जानने वाला व्यक्ति कभी डिप्रेशन का शिकार नहीं हो सकता। आधुनिक बच्चों को राम के चरित्र से जोड़ते हुए यह बातें आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कही।



### वैदिक हवन में दी आहूति

आर्य समाज आर्य नगर में रामनवमी के अवसर पर आर्यवीर दल एवं आर्य समाज के सदस्यों ने वैदिक हवन का आयोजन किया। इस यज्ञ में 151 आहुति दी गई। इस दौरान किरण आर्य को उसके जन्मदिन के अवसर पर पुष्प वृष्टि के साथ आशीर्वाद दिया गया।

### धैर्य रखना सिखाती है रामायण

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि रामायण त्याग का प्रतीक है। राम भारतीय संस्कृति के अमरप्रतीक है। राम ने शबरी के बेर खाए। राम के हृदय में भावना का अधिक मूल्य था। सुग्रीव को अन्याय और अत्याचार से मुक्त कराया। शास्त्रों में लिखा है कि जो दुख,अन्याय और अत्याचार से दूसरों को बचाने का प्रयत्न करता है उसे ही क्षत्रिय कहते हैं। रामायण हमें सिखाती है कि हमेशा धैर्य रखना चाहिए और यह विश्वास रखना चाहिए की बुराई को हमेशा सच्चाई जीतती है। त्याग में शक्ति होती है। जिस परिवार में एकता होती है वही शक्तिशाली होता है। सभी को परिवार में एकता बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए। रामनवमी राम के गुणों को अपने जीवन में धारण करने का पर्व है। पर्व का अर्थ है पूरा करना। यह पर्व हमें अपने जीवन की कमियों को पूर्ण करने का संदेश देता हैं। यज्ञ में मनोज आर्य, इंद्र आर्य, अंकित, हिमांशु, कविता, किरण, राजा, जैनेंद्र, डॉ नीलमा मल्होत्रा, डॉ रजनीश मल्होत्रा, आनंद, कौशल आर्य, मनोज, दामिनी, निधि, कृष्णमूर्ति, सावित्री, दमयंतिन यज्ञ ने आहुति दी।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल की 52 रनों से जीत



**रायपुर।** रायपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा मेंस अंडर 16 इंटर स्कूल क्रिकेट टुर्नामेंट-2025 का आयोजन 15 अप्रैल तक जारी है। सोमवार को प्रतियोगिता का तीसरा मैच हॉलीक्रास स्कूल, कांपा तथा छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल के मध्य आर.डी.सी.ए. मैदान, रायपुर में खेला गया। छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 25 ओवरों में 5 विकेट खोकर 141 रनो का स्कोर बनाया। छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल की ओर से शिवम गुप्ता ने सर्वाधिक 37 नाबाद रन तथा पार्थ मिश्रा ने 29 रनों का योगदान दिया। वहीं हॉलीक्रास स्कूल, कांपा की ओर से शोभित राव तथा कुणाल ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। 142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हॉलीक्रास स्कूल, कांपा 22 ओवरों में 10 विकेट खोकर केवल 89 रन ही बना सकी। हॉलीक्रास स्कूल, कांपा की ओर से शोभित राव ने 18 रनों की पारी खेली। छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल की ओर से आशीष तथा राहुल सिंह ने 2-2 विकेट प्राप्त किए। छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल ने मैच 52 रनों से जीत लिया। शिवम गुप्ता प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किये गये। मंगलवार 08 अप्रैल को हॉलीक्रास स्कूल, बैरन बाजार विरुद्ध ब्रम्हविद ग्लोबल स्कूल के मध्य मैच खेला जायेगा।

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की क्रिकेट टीम रही उपविजेता



**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की क्रिकेट टीम ने 68वीं अखिल भारतीय रेल क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई थी। पहले चरण में भुवनेश्वर (खुर्दा रोड) में तथा नॉकआउट मुकाबले दक्षिण पश्चिम रेलवे के मुख्यालय हुबली में सम्पन्न हुए।

प्रतियोगिता के प्रथम चरण में लीग पद्धति से टी-20 सीमित ओवरों के मैच खेले गए, जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। नॉकआउट मुकाबलों में टीम ने सेंट्रल रेलवे एवं दक्षिण पश्चिम रेलवे को हराते हुए फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में नॉर्दर्न रेलवे के खिलाफ शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम ने उपविजेता की ट्रॉफी अपने नाम की। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 2023-24 में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की टीम ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया था। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने टीम के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं सहयोगी स्टाफ को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर टीम के सभी खिलाड़ी, प्रशिक्षक, महासचिव, सचिव एवं स्पोर्ट्स सेल के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राज्य स्तरीय एआरएम कप फुटबॉल में बीएमवाई चरोदा विजेता



**भिलाई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे इंस्टीट्यूट बीएमवाय एवं बीएमवाय फुटबॉल क्लब के सयुंक्त आयोजन में राज्य स्तरीय एआरएम कप फुटबॉल प्रतियोगिता का फाईनल मैच रविवार 6 अप्रैल को खेला गया। फाईनल मुकाबला बीएमवाय चरोदा एफसी एवं एसीबी कोरबा के मध्य हुआ। जिसमें बीएमवाय चरोदा ने 4-0 से जीत दर्ज कर विजेता का खिताब प्राप्त किया। विजेता टीम को 31000 और विजेता कप एवं उपविजेता टीम को 21000 और उपविजेता कप प्रदान किया गया। इस टूर्नामेंट में बेस्ट प्लेयर राहुल गुप्ता, बेस्ट गोलकीपर विमल तांडी, बेस्ट हाफ इसाक, बेस्ट अपकमिंग प्लेयर इसाक को दिया गया। सभी खिलाड़ी बीएमवाई एफसी के थे।

10-ए साइड 10 दिवसीय राज्य स्तरीय एआरएम कप फुटबॉल टूर्नामेंट में 16 टीमों ने भाग लिया जिसमें कोरबा, बिलासपुर, गोंदिया, उकवा बालाघाट, रायपुर, भिलाई से टीमें आईं। जिसमें बीएमवाई एफसी एवं एसीबी कोरबा के मध्य फाइनल मैच हुआ। जिसमें बीएमवाई एफसी ने 4-0 से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट का का विजेता का खिताब प्राप्त किया।

## महिलाओं की स्वास्थ्यगत समस्याओं पर जागरुकता जरूरी

# कम उम्र की महिलाओं में तेजी से बढ़ रही पीसीओएस और पीसीओडी की तकलीफें

लाइफस्टाइल और आहार से संबंधित गड़बड़ियों ने कम उम्र में ही कई प्रकार की बीमारियों का खतरा काफी बढ़ा दिया है। जब बात महिलाओं के स्वास्थ्य की हो तो दो बीमारियों की चर्चा सबसे ज्यादा की जाती है- पीसीओएस और पीसीओडी। ये दोनों ही महिलाओं में होने वाले हार्मोनल विकार हैं, जिसके कारण कई प्रकार की दिक्कतें हो सकती हैं। क्या ये दोनों विकार एक ही हैं या इनमें कोई अंतर है? आइए इस बारे में समझते हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पीसीओडी या पीसीओएस दोनों ही महिलाओं के ओवरी (अंडाशय) को प्रभावित करने वाली बीमारी हैं। ओवरी महिलाओं के प्रजनन का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। प्रजनन के लिए ओवरी न सिर्फ अंडों का उत्पादन करती है बल्कि एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन जैसे फीमेल हार्मोन्स भी स्रावित करती है।



### पीसीओएस की क्या पहचान है?

पीसीओएस की स्थिति कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ाने लगती है। मासिक धर्म में अनियमितता होना या नियमित मासिक धर्म न होना पीसीओएस का सामान्य लक्षण है। इसी तरह मासिक धर्म का कई दिनों तक या सामान्य से ज्यादा समय तक चलना भी पीसीओएस का सामान्य लक्षण है। शरीर में एंड्रोजन हार्मोन का स्तर बढ़ने के कारण चेहरे और शरीर पर बहुत ज्यादा बाल हो सकते हैं। चेहर पर बहुत ज्याद मुंहासे होना या तेजी से बाल कम होते जाना भी पीसीओएस का एक संकेत माना जाता है।

### अब जानिए पीसीओडी क्या है?

पॉलीसिस्टिक ओवेरियन डिजीज (पीसीओडी) भी पीसीओएस की ही तरह एक हार्मोनल विकार है जो भी अंडाशय को प्रभावित करता है। इसके कारण भी अनियमित मासिक धर्म, वजन बढ़ने, मुंहासे और बांझपन की समस्या हो सकती है। पीसीओडी के कारण अंडाशय में सूजन और वृद्धि भी हो सकती है। पीसीओडी के लिए कोई निश्चित 'इलाज' नहीं है, लेकिन जीवनशैली में बदलाव करके इसके लक्षणों को कंट्रोल किया जा सकता है।

अब सवाल उठता है कि जब दोनों समस्याओं को लक्षण एक जैसे हैं तो क्या दोनों में कोई अंतर भी है या फिर दोनों एक ही हैं?

### पहले जानिए पीसीओएस क्या है?

पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) एक हार्मोनल विकार है जो आमतौर पर प्रजनन आयु की महिलाओं को प्रभावित करता है। इसके कारण आपको मासिक धर्म में अनियमितता की दिक्कत होती है। इसके अलावा कुछ लोगों में पीसीओएस के कारण अत्यधिक बाल उगने, मुंहासे होने या वजन बढ़ने की भी दिक्कत हो सकती है।

पीसीओएस पर अगर ध्यान न दिया जाए तो इसके कारण बांझपन की भी समस्या होने का खतरा रहता है। पीसीओएस के कारण अंडाशय में तरल पदार्थ से भरे छोटे-छोटे सिस्ट विकसित हो जाते हैं जिसके कारण ये ठीक तरीके से अंडे नहीं रिलीज कर पाती।

### क्या इनमें कोई अंतर भी है?

अपोलो हॉस्पिटल्स के विशेषज्ञ अनुसार, पीसीओडी और पीसीओएस दोनों एक जैसी समस्याएं होते हुए भी अलग हैं। पीसीओडी एक हल्का रूप है, जिसमें ओवरी में सिस्ट और अनियमित ओव्यूलेशन होता है, जबकि पीसीओएस अधिक जटिल विकार है, जिसमें हार्मोनल असंतुलन, इंसुलिन प्रतिरोध और मेटाबॉलिज्म से संबंधित दिक्कतें हो सकती हैं।



## एब्स रोलर का इस्तेमाल करना सुरक्षित लेकिन सावधानी जरूरी


एब्स रोलर का इस्तेमाल पेट की मसल्स को मजबूत और टोन करने के लिए किया जाता है। हालांकि, जब आप इसका इस्तेमाल कर रहे हैं तो आपको कुछ छोटी-छोटी बातों का खास ख्याल रखना चाहिए।

अपने वर्कआउट के दौरान हम सभी कई तरह के इक्विपमेंट्स का इस्तेमाल करते हैं। ये इक्विपमेंट या प्रॉप्स हमारे वर्कआउट को और भी अधिक बेहतर बनाने में मदद करते हैं। इन्हीं में से एक है एब्स रोलर। अमूमन इन्हें एक्सरसाइज व्हील्स भी कहा जाता है। जब भी आप कोर वर्कआउट करते हैं तो उसमें एब्स रोलर का इस्तेमाल किया जाता है। ये होम व जिम वर्कआउट दोनों के लिए बेहतर ऑप्शन हैं।

एब्स रोलर सिर्फ पेट या कोर की मसल्स को ही मजबूत या टोन नहीं करते हैं, बल्कि इनकी मदद से आपकी पीठ व बाजुओं पर भी अच्छा असर पड़ता है। इतना ही नहीं, ये आपकी बॉडी की ओवर ऑल स्ट्रेंथ को इंप्रूव करते हैं और बॉडी बैलेंसिंग व स्टेबिलिटी को भी बेहतर बनाते हैं। एब्स रोलर से वर्कआउट करना यकीनन एक अच्छा विचार है।

लेकिन एक बिगनर के रूप में आपके लिए सही तरह से एब्स रोलर का इस्तेमाल करना थोड़ा कठिन हो सकता है। यह भी संभव है कि इसका इस्तेमाल करते समय आप खुद को चोटिल कर लें। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको एब्स रोलर का इस्तेमाल करते समय अवश्य ध्यान रखना चाहिए-

**एब्स रोलर क्या होते हैं :** एब्स रोलर को सही तरह से इस्तेमाल करने से पहले आपको इनके बारे में जान लेना चाहिए। एब्स रोलर का इस्तेमाल आमतौर पर कोर वर्कआउट के दौरान किया जाता है। इस पर एक छोटा पहिया और दो हैंडल बने होते हैं। इन हैंडल को पकड़कर ही व्यक्ति खुद को आगे-पीछे करता है। इस दौरान पेट की मसल्स पर जोर पड़ता है। साथ ही साथ, व्यक्ति को खुद को बैलेंस भी करना हेता है।



### धीरे-धीरे करें एक्सरसाइज

कई बार यह देखने में आता है कि जब एब्स रोलर का इस्तेमाल करते हैं तो एकदम से बहुत तेजी से आगे बढ़ जाते हैं और इस दौरान अपनी पीठ को अधिक झुका लेते हैं। ऐसा करने से उनका बैलेंस बिगड़ जाता है और उन्हें चोट लग जाती है। इसलिए, हमेशा एब्स रोलर का इस्तेमाल करते हुए अपनी गति को नियंत्रण में रखें और उसे धीरे-धीरे ही आगे की ओर बढ़ाएं। इस दौरान आपकी पीठ एकदम सीधी होनी चाहिए। साथ ही, यह भी ध्यान रखें कि आप रोलर को बहुत अधिक आगे तक ना लेकर जाएं। इससे आपके लिए वापिस आना और अपनी बॉडी को बैलेंस करना मुश्किल होगा। हमेशा शुरुआत में छोटी दूरी तक रोल करें। जब आप धीरे-धीरे इसमें कंफर्टेबल होते जाएं, तभी आप दूरी को बढ़ाते जाएं।

### कोर मसल्स को भी करें एंगेज

एब्स रोलर मुख्यतः कोर वर्कआउट के दौरान इस्तेमाल किया जाता है। इसलिए जब भी आप एब्स रोलर से एक्सरसाइज करें तो अपनी कोर की मसल्स को टाइट रखें। इससे चोट लगने की संभावना काफी कम हो जाती है। साथ ही साथ, आपकी पीठ को भी सपोर्ट मिलता है।

## शिवलिंग पर घी चढ़ाने का प्रभाव जरूर जानिए



शिवलिंग पर घी चढ़ाना बेहद शुभ माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि शिवलिंग की पूजा करते समय घी चढ़ाने से शिव जी जल्द प्रसन्न हो सकते हैं और व्यक्ति की मनोकामनाएं जल्द पूरी हो सकती है। इसके अलावा शिवलिंग पर घी चढ़ाने से तेज की प्राप्ति होती है और व्यक्ति के जीवन में उल्लास का आगमन होता है। साथ ही मानसिक परेशानियों से भी छुटकारा मिल सकता है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ऐसा कहा जाता है कि शिवलिंग पर घी चढ़ाने से व्यक्ति को मनवांछित फलों की प्राप्ति हो सकती है और सुख-समृद्धि की प्राप्ति हो सकती है। अगर आप शिवलिंग पर घी चढ़ा रहे हैं, तो सोमवार के दिन अर्पित करें। ऐसी मान्यता है कि सोमवार का दिन शिव जी को समर्पित है। इसलिए अगर आप उन्हें जल्द प्रसन्न करना चाहते हैं, तो सोमवार का दिन उत्तम माना जाता है।

शिवलिंग पर घी चढ़ाने के दौरान इन मंत्रों का जाप करें। इससे व्यक्ति के सौभाग्य में वृद्धि हो सकती है। ॐ नमः शिवाय ॐ सोमेश्वराय नमःॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनान्‌ मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्‌॥ शिवलिंग की पूजा करने के दौरान घी जरूर चढ़ाएं। इससे लाभ हो सकता है।


## लंबे समय से कर्ज से हैं परेशान और नहीं मिल पा रही है मुक्ति

क्या लगातार आर्थिक परेशानियां आपका पीछा नहीं छोड़ रहीं? अगर हां, तो घबराने की जरूरत नहीं है। वास्तु शास्त्र में ऐसे कई उपाय बताए गए हैं, जो आपकी आर्थिक स्थिति को सुधार सकते हैं और आपको कर्ज से मुक्ति दिला सकते हैं।

**घर की उत्तर दिशा को रखें साफ सुथरा :** वास्तु के अनुसार, उत्तर दिशा धन और समृद्धि से सीधा जुड़ी होती है। अगर यह दिशा भारी वस्तुओं से भरी हो या गंदगी हो, तो आर्थिक प्रगति में बाधा आ सकती है। इसे हमेशा साफ-सुथरा और हल्का रखें। इस दिशा में जल से जुड़ी कोई चीज जैसे पानी भरा कटोरा रखना शुभ माना जाता है। इससे सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है और आर्थिक स्थिति में सुधार आता है।

**तुलसी का पौधा :** तुलसी के पौधे का महत्व केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि यह आपके घर में सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि भी लाती है। रोज सुबह तुलसी के पौधे को जल अर्पित करें और शाम को दीपक जलाएं। यह उपाय आपके घर में धन और कर्ज से मुक्ति दिलाने में सहायक होता है। साथ ही, घर में शांति और खुशहाली भी बनी रहती है।

**तिजोरी के लिए सही स्थान का करें चुनाव :** अगर आपके पास पैसा आता है, लेकिन रुकता नहीं, तो इसका



कारण गलत दिशा में रखी गई तिजोरी हो सकती है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, तिजोरी को हमेशा दक्षिण-पश्चिम दिशा में रखना चाहिए। यह दिशा स्थिरता और सुरक्षा का प्रतीक होती है, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होती है और बचत भी होगी।

**हनुमान जी की पूजा जरूर करें :** हनुमान जी को बल, साहस और संकटमोचक देवता माना जाता है। अगर आप कर्ज से मुक्ति पाना चाहते हैं, तो मंगलवार और शनिवार को हनुमान चालीसा का पाठ करें। इसके साथ ही हनुमानजी को गुड़ और चने का भोग लगाएं। यह उपाय आपके ऊपर से कर्ज का बोझ हल्का करने में मदद करेगा

**कार्नर न्यूज**

## रिश्तों में आपसी भरोसे को मजबूत करना बेहद जरूरी

# प्यार के ये चरण पार कर लिए तो संवर जाएगा रिश्ता, जानिए किस पड़ाव पर हैं आप

*प्यार को बनाए रखने के लिए एक-दूसरे को समय देना और आपसी समझ विकसित करना बेहद जरूरी है। आइए जानते हैं प्यार और रिश्ते के 5 पड़ाव कौन से होते हैं और आप अपने रिश्ते में किस चरण पर हैं।*

*ये इश्क नहीं आसां इतना ही समझ लीजे,*
*एक आग का दरिया है और डूब के जाना है।*

*जिगर मुरादाबादी का यह मशहूर शेर मुहब्बत करने वालों ने सुना ही होगा, और अगर नहीं सुना होगा तो महसूस किया होगा...।*

*जाहिर है कि मुहब्बत इतनी आसान नहीं होती, जितनी आसान दिखती है। रिश्ते की मजबूती और प्यार पांच चरणों पर टिकी होती है। हर रिश्ता अलग-अलग पड़ावों से गुजरता है, जहां दोनों पार्टनर को समझदारी, धैर्य और समर्पण की जरूरत होती है। अगर ये पांच चरण कपल धैर्य, समझदारी और आपसी विश्वास के साथ पार करते हैं तो एक मजबूत और सुखद रिश्ते का आनंद उठा सकते हैं। प्यार को बनाए रखने के लिए एक-दूसरे को समय देना और आपसी समझ विकसित करना बेहद जरूरी है। आइए जानते हैं प्यार और रिश्ते के 5 पड़ाव कौन से होते हैं और आप अपने रिश्ते में किस चरण पर हैं।*



### पहला पड़ाव- आकर्षण

यह प्यार की पहली और सबसे रोमांचक स्टेज होती है। इस चरण में दोनों पार्टनर एक-दूसरे की ओर आकर्षण महसूस करते हैं। ये प्यार का शुरुआती चरण है, जिसमें नई ऊर्जा, रोमांस और जुनून रहता है। इस समय पार्टनर एक-दूसरे की अच्छी बातों पर ज्यादा ध्यान देते हैं और कमियों को नजरअंदाज कर देते हैं।

**दूसरा पड़ाव- वास्तविकता का सामना :** जब रिश्ता कुछ समय बीतने के बाद परिपक्व होने लगता है, तब दोनों को एक-दूसरे की आदतें, सोच और व्यवहार को गहराई से जानने का मौका मिलता है। इस चरण में छोटी-छोटी बातों पर गलतफहमियां और मतभेद हो सकते हैं। यह वह समय होता है जब प्यार और धैर्य से रिश्ते को मजबूत बनाए रखना जरूरी होता है।

### तीसरा पड़ाव- असहमति और संघर्ष

रिश्ते के इस तीसरे पड़ाव में कपल के बीच झगड़े, बहस और मनमुटाव होना आम बात है। कुछ रिश्ते इस दौर में टूट जाते हैं, लेकिन जो कपल इस चुनौती का सामना कर लेते हैं, उनका रिश्ता और गहरा हो जाता है। इस समय संवाद और एक-दूसरे को समझने की कला सबसे ज्यादा मायने रखती है।

### चौथा पड़ाव- स्वीकार्यता और स्थिरता

यह वह दौर होता है जब दोनों पार्टनर एक-दूसरे की खूबियों और कमियों को पूरी तरह से स्वीकार कर लेते हैं। इस पड़ाव पर दोनों के बीच भरोसा बढ़ता है और रिश्ते में स्थिरता आती है। इस समय प्यार पहले से ज्यादा गहरा और परिपक्व हो जाता है।



### पांचवा पड़ाव- बिना शर्त प्यार और साझेदारी

यह रिश्ते का सबसे खूबसूरत और स्थायी चरण होता है। इसमें दोनों पार्टनर एक-दूसरे को पूरी तरह से समझने और स्वीकारने लगते हैं। अब प्यार में कोई शर्त या स्वार्थ नहीं होता, बल्कि आपसी सम्मान और साथ निभाने की भावना रहती है। इस चरण में रिश्ता सच्चे अर्थों में परिपूर्ण हो जाता है।

भिलाई बाजार




भिलाई शरह में सुप्रसिद्ध ज्योतिष
पं. सूर्य कुमार शर्मा माँ बगुला मुखि उपासक
फीस 251/-
पं. सूर्य कुमार शर्मा माँ बगुला मुखी की असीम कृपा और साधना द्वारा समस्या हेतु जन्म कुण्डली देखकर महा दशाओं के आधार पर आर्थिक मानसिक, शारीरिक, पारिवारिक, नौकरी एवं व्यापार संबंधित काल सर्प दोष, मांगलिक दोष, पिशाच दोष, गृहणी दोष, गृहकलेश, पति पत्नी विवाद, विवाह में बाधा, संतान सुख में कमी, गुप्त शत्रु बाधा, उच्चाटन, मारण, मस्तिष्क दमन, वशीकरण इन बाधाओं से पीड़ित भक्तगण की समस्या माँ बगुला मुखी की साधना द्वारा समाधान
माँ बगुला मुखी ज्योतिष कार्यालय
पता - जुनवानी कोहका रोड, अमन ढाबा के बाजु में, भिलाई
समय - सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक
मो.: 8871250663

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'अवतार फायर एंड ऐश' का ट्रेलर होगा रिलीज फिल्म के लिए दिसंबर तक का इंतजार



'अवतारः फायर एंड ऐश' को लेकर बेहद ही अहम जानकारी सामने आई है, जिसने इस फ्रैंचाइजी के प्रशंसकों के उत्साह को और अधिक बढ़ा दिया है। सिनेमाकॉन 2025 में हॉलीवुड फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' का ट्रेलर दिखाया गया, लेकिन अभी इसे आम लोगों के लिए रिलीज नहीं किया गया है। ट्रेलर में पानी की जनजाति और ऐश लोगों के बीच लड़ाई दिखाई गई है। ऐश लोग एक क्रूर जनजाति हैं, जो पानी की जनजाति को उनके घर से भगा रहे हैं। ट्रेलर में जेक और नेयतिरी की कहानी भी दिखाई गई है, जिसमें नेयतिरी का गुस्सा बढ़ता नजर आता है। साथ ही, आसमान में बड़े एक्शन सीन की झलक भी दिखाई गई। 'अवतारः फायर एंड ऐश' 19 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म जेम्स कैमरून ने बनाई है और इसमें सैम वर्थिंगटन, जो सलदाना, केट विंसलेट जैसे बड़े सितारे नजर आएंगे। इस फिल्म में जो सलदाना की वापसी हो गई है, जिसे लेकर इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट भी जारी किया गया। जो सलदाना ने ''अवतार-3' को लेकर कहा कि सुली परिवार को इस बार इंसानों और नए दुश्मन ऐश लोगों से लड़ना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि वह न्यूजीलैंड में फिल्म को पूरा करने में लगी हैं। 'अवतारः फायर एंड ऐश' में कई बड़े कलाकार नजर आएंगे। इस फिल्म को जेम्स कैमरून, रिक जाफा और अमांडा सिल्वर ने लिखा है। फिल्म को जेम्स कैमरून और जॉन लैंडौ ने बनाया है। यह फिल्म पेंडोरा की दुनिया को और रोमांचक बनाने वाली है।

### टॉलीवुड

## डेविड 'भाई' का इंट्रो टीजर रिलीज, 19 सेकंड के वीडियो में बोला ये जबरदस्त डायलॉग



हाल ही में दक्षिण भारतीय फिल्म 'रॉबिनहुड'का एक टीजर रिलीज हुआ है। इसमें क्रिकेटर डेविड वॉर्नर की एंट्री बड़ी ही शानदार रही। 19 सेकंड के वीडियो में वह ऐसा डायलॉग बोलते नजर आ रहे हैं, जो उनके फैंस, दर्शकों को लंबे वक्त तक याद रहेगा। फिल्म 'रॉबिनहुड' में मुख्य भूमिका में दक्षिण भारतीय अभिनेता नितिन हैं, साथ ही हीरोइन के रोल में श्रीलीला नजर आ रही हैं। लेकिन इस फिल्म की चर्चा क्रिकेटर डेविड वॉर्नर के कारण ज्यादा हो रही है। वह फिल्म में एक अहम किरदार निभा रहे हैं। हाल ही में डेविड वॉर्नर की एंट्री का टीजर रिलीज हुआ है। रिलीज के कुछ ही देर में यह टीजर सोशल मीडिया पर छा गया है। साथ ही डेविड वॉर्नर का बोला गया डायलॉग भी फैंस को खूब पसंद आ रहा है। टीजर की शुरुआत में क्रिकेटर से एक्टर बने डेविड वॉर्नर एक गैंगस्टर लुक में नजर आते हैं। उनके हाथ में गन दिखती है। एक व्यक्ति उन्हें देखकर कहता है,- 'डेविड भाई।' इसके बाद वह पार्टी करते दिखते हैं, तो कहीं हेलिकॉप्टर से बाहर निकलते हुए नजर आते हैं, साथ ही डेविड के हाथ में एक रेड यानी लाल कलर की लॉलीपॉप भी नजर आती है। अगले सीन में डेविड कुछ गैंगस्टर के साथ नजर आते हैं। वह एक गैंगस्टर को लॉलीपॉप दिखाकर कहते हैं, 'तुम्हें ये चाहिए।' सामने वाला व्यक्ति मना कर देता है। इसके बाद उस शख्स के सिर में गोली लगी नजर आती हैं। तब डेविड का डायलॉग आता है, 'लॉलीपॉप आर रेड, एनिमी आर डेड (लॉलपॉप लाल रंग की होती है और दुश्मन मारे जाते हैं)'। इंग्लिश में बोला गया यह डायलॉग इतना मजेदार है कि कमेंट सेक्शन में फैंस डेविड की खूब तारीफ कर रहे हैं। उनकी एक्टिंग को सराहा रहे हैं। कुछ ही घंटों में इस टीजर वीडियो पर इंस्टाग्राम पर 3 लाख से अधिक व्यूज आ चुके हैं और 18 हजार से अधिक लाइक्स मिल चुके हैं। फिल्म 'रॉबिनहुड' की कहानी की बात की जाए तो इसमें अभिनेता नितिन का किरदार अमीर लोगों से पैसा चोरी करके गरीब लोगों को देता है। फिल्म में डेविड वॉर्नर का रोल भी काफी अहम है। अब तो खुलासा हो ही चुका है कि वह फिल्म में गैंगस्टर बने हैं। डेविड वॉर्नर की बात करें तो वह असल जिंदगी में साउथ एक्टर अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा' के बहुत बड़े फैन हैं।

### भोजपुरी

## समर के नए गाने 'लाल बिंदिया' ने मचाया बवाल, 30 लाख से ज़्यादा आए व्यूज



भोजपुरी सिनेमा आज किसी भी पहचान का मोहताज नहीं है और आपको बता दें कि यहां पर ऐसे काफी सारे सितारे हैं जिन्होंने एक अच्छी खासी लोकप्रियता हासिल की है। इस लिस्ट में पवन सिंह से लेकर खेसारी लाल यादव और दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ जैसे कलाकारों का नाम भी शामिल है। लेकिन आज हम आपको भोजपुरी एक्टर समर सिंह के बारे में बताने वाले हैं। जानकारी के लिए आपको बता दें कि हाल ही में समर सिंह का एक नया गाना रिलीज हुआ है और यह गाना पुरे सोशल मीडिया पर बवाल मचता हुआ नजर आ रहा है। इस गाने में समर सिंह के साथ में क्वीन शालिनी को रोमांस करते हुए देखा जा रहा है। लगातार दर्शकों द्वारा यह गाना काफी पसंद किया जा रहा है। समर सिंह के इस गाने का नाम 'लाल बिंदिया' है। इस जबरदस्त गाने को टी-सीरीज हमार भोजपुरी नाम के यूट्यूब चैनल द्वारा शेयर किया गया है और अभी के वक्त में यह गाना टॉप 15 ट्रेंडिंग में बना हुआ है। लगातार दर्शकों के बीच में भी यह गाना जमकर छाया हुआ है और क्वीन शालिनी भी खूबसूरत अंदाज में इस गाने में नजर आ रही है। जानकारी के लिए आपको बता दें कि इस गाने पर अभी तक 3.4 मिलियन से भी ज्यादा व्यूज आ चुके हैं और इसका सिलसिला लगातार बढ़ रहा है। इस गाने के लिरिक्स विमलेश उपाध्याय ने लिखे हैं और वही म्यूजिक देने का काम अजय वर्मा ने किया है। इस गाने को समर सिंह और शिल्पी राज ने अपनी आवाज दी है।

## कैनेडी का फैशन नोट

### लाइफ स्टाइल



*1960 के दशक के शुरूआत में फैशन को लेकर कोई प्रतीकात्मक विशेषता नहीं थी। ऐसे दौर में अमेरिका की प्रथम महिला जैकलीन कैनेडी फैशन उद्योग में उस समय की पहली आइकन स्टाइलिस्ट बन गईं, उनके माध्यम से लोगों को फैशन और बहुत कुछ के बारे में पता चला और कपड़ों के पहले डिजाइनर पाको रबाना थे, जिन्होंने उस समय खूबसूरत कपड़े डिजाइन किए। अब वही 60 का दौर फिर से चलन में है।*

## हेयर स्पा से हो सकता है नुकसान भी, आपको होनी चाहिए जानकारी

यदि आप भी हर महीने सैलून जाकर हेयर स्पा कराती हैं तो उसके नुकसान जान लीजिए। ये आपके बालों को काफी ज्यादा प्रभावित करता है। हेयर स्पा एक ऐसा ट्रीटमेंट है, जिससे बालों में नई चमक सी आ जाती है। इसको कराने से बालों से सम्बंधित कई परेशानियां भी दूर रहती है। यही वजह है कि महिलाएं एक महीने में दो से तीन बार हेयर स्पा कराना पसंद करती हैं। हेयर स्पा में शैंपू, हेयर क्रीम, हेयर मास्क और कंडीशनर वगैरह लगाकर बालों की डीप मॉइश्चराइजिंग की जाती है, साथ ही स्टीम भी दी जाती है। इसकी वजह से बाल काफी ज्यादा चमक जाते हैं। वैसे तो इससे बालों को काफी लाभ मिलते हैं, लेकिन यदि हेयर स्पा को बार-बार कराया जाए तो इससे बालों को काफी नुकसान पहुंचता है।



### बढ़ेगी हेयर फॉल की समस्या

यदि आप नियमित रूप से हेयर स्पा लेंगी तो हेयर फॉल की समस्या बढ़ सकती है। ये परेशानी ज्यादातर उन लोगों में होती है, जिसकी स्कैल्प संवेदनशील होती है। सेंसिटिव स्कैल्प वाले लोगों को हर हेयर केयर प्रोडक्ट सूट नहीं करता है। इसलिए यदि वो हेयर स्पा करा भी रही हैं तो प्रोडक्ट को एक बारी चेक कर लें, ताकि आपको किसी तरह का कोई खतरा न रहे।

### स्कैल्प को पहुंचाएगा नुकसान

कई बार हेयर स्पा करने में ऐसे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल होता है, जिनमें भारी मात्रा में केमिकल पाए जाते हैं। ऐसे में यदि आपको इन केमिकल्स से एलर्जी हो, तो हेयर स्पा करने से बचें। केमिकल वाले प्रोडक्ट स्कैल्प या बालों को और भी नुकसान पहुँचाने का कारण बन सकता है।

### बालों का रंग उड़ेगा

बार-बार हेयर स्पा कराने से बालों का रंग उड़ने लगता है। क्योंकि हेयर स्पा में कई ऐसे प्रोडक्ट इस्तेमाल किए जाते हैं,जिनमें ब्लीच पाया जाता है। इसी की वजह से बालों का रंग उड़ने का खतरा रहता है।

### बाल होंगे ड्राई

यदि आप बार-बार या महीने में कई बार हेयर स्पा कराती हैं, तो इससे बालों की प्राकृतिक नमी में कमी में आ सकती है। इसकी वजह से कई बार बालों के साथ-साथ स्कैल्प भी ड्राई होने लगती है, जिस कारण स्कैल्प पर रूसी जमने लगती है।

### जेब होगी खाली

बार-बार हेयर स्पा कराने का सबसे बड़ा नुकसान यही है। इसकी वजह से आपकी जेब काफी ज्यादा खाली होगी, क्योंकि किसी छोटे से सैलून में भी हेयर स्पा कराने के लिए आपको 500 से लेकर 1000 रूपये तक आसानी से खर्च करने पड़ सकते हैं। इसलिए जरूरत हो, तभी हेयर स्पा कराएं।

## समर में अपने स्टाइल से बिखेरें जादू ये आउटफिट आएंगे आपके काम



फैशन

गर्मी के मौसम में अधिकतर लड़कियां ऐसे ऑउटफिट पहनना पसंद करती हैं, जो आर्कषक लुक देने के साथ-साथ गर्मी से भी बचाए। लेकिन आप आउटफिट के रंग और फैब्रिक को ध्यान में रखकर न सिर्फ गर्मी को मात दे सकती हैं, बल्कि आकर्षक लुक भी पा सकती हैं। वहीं, यदि आप भी उनमें से एक हैं, जो हमेशा खूबसूरत दिखना चाहती हैं और स्टाइल से कोई समझौता नहीं करतीं, तो आपको इस साल का समर ट्रेंड जरूर जान लेना चाहिए।

**छाया रहेगा बोहो लुकः** इस साल स्प्रिंग और समर सीजन के दौरान बोहो फैशन काफी चलन में रहेगा। समर सीजन में बोहो लुक एक बहुत ही स्टाइलिश और आरामदायक विकल्प होता है। इसमें हल्के, फ्लोइंग कपड़े, जैसे कि क्रॉप टॉप्स, डेनिम शॉर्ट्स और एथनिक प्रिंट्स वाली ड्रेसेस शामिल हैं। इस लुक को कैजुअल और फ्री-स्पिरिटेड बनाते हुए दुपट्टे, बेली बूट्स और फ्लैट सैंडल्स के साथ स्टाइल किया जा सकता है। एक्ससेरीज में चूड़ियां, चंकी नेकलेस और हिप्पी स्टाइल की मदद से बोहो लुक को कंप्लीट किया जा सकता है। हल्के रंगों और नेचुरल टोन के कपड़े समर सीजन के लिए परफेक्ट हैं, जो आरामदायक और ट्रेंडी, दोनों हैं।

**शर्ट के जलवेः** इस साल अगर आप स्टाइल और आराम, दोनों की तलाश में हैं तो बैगी शर्ट ट्राई कर सकती हैं। यह इस सीजन के सबसे हॉट ट्रेंड में से एक है। ओवरसाइज्ड, लूज और रिलेक्स्ड फिट वाली इन शर्ट्स को आप जींस, लूज फिटेड शॉर्ट, स्कर्ट या ब्रालेट के साथ पहन सकती हैं। इसके अलावा साल भर डुअल टोन शर्ट का ट्रेंड भी छाया रहेगा। इसमें आपको ब्राइट एंड वाइब्रेट कलर शेड मिलेंगे। बैगी शर्ट को आप ड्रेस, जैकेट, लेयरिंग पीस या नॉर्मल शर्ट की तरह पहन सकती हैं। यह हर स्टाइल के साथ फिट हो जाती है। अगर क्लासिक कैजुअल लुक चाहती हैं तो शर्ट को डेनिम के साथ पहन सकती हैं।

**हॉट पैंट और एक्वेटिक प्रिंट्सः** हॉट पैंट का ट्रेंड पिछले कुछ समय से कम नजर आ रहा था, लेकिन इस साल समर सीजन में हॉट पैंट्स का चलन एक बार फिर दिखाई देगा। इसके साथ ही मिनी स्कर्ट का ट्रेंड भी देखने को मिल सकता है। साल भर एक्वेटिक प्रिंट्स भी पसंद किए जाएंगे। एक्वेटिक प्रिंट्स में वाटर इंस्पायर्ड कलर और डिजाइन का इस्तेमाल किया जाएगा। शिमर से फ्लोरल तक ये ट्रेंड इस साल छाए रहेंगे।

**स्ट्रैपलेस ड्रेस और एनिमल प्रिंटः** ग्लैमरस लुक के लिए आप स्ट्रैपलेस या ट्यूब स्टाइल ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। इसमें आप फ्लोरल प्रिंट वाली स्ट्रैपलेस ड्रेस या नाइट पार्टी के लिए सीक्वेंस स्ट्रैपलेस ड्रेस पहन सकती हैं। इस समर एनिमल प्रिंट फैशन में एक बड़े ट्रेंड के रूप में उभरने वाला है। टाइगर, जेबरा और लेपर्ड प्रिंट्स को समर आउटफिट्स में देखा जाएगा। इन प्रिंट्स का उपयोग ड्रेस, शर्ट, स्कर्ट और एक्ससेरीज में किया जाएगा, जो वाइल्ड और ट्रेंडी लुक प्रदान करेंगे।

## चेहरे घरेलू नुस्खे इस्तेमाल करने से पहले जान लें हकीकत, उड़ सकती है रंगत

गर्मियों का मौसम शुरू हो गया है, ऐसे में हर किसी को इस मौसम में अपनी त्वचा का ध्यान रखना चाहिए। यदि गर्मी के मौसम में त्वचा का ध्यान न रखा जाए तो मई-जून में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी के चलते लोग अभी से अपनी त्वचा का ध्यान रखने लगते हैं।

### नींबू का रस

यदि आप नींबू का रस चेहरे पर लगा रहे हैं तो हमेशा ही इस बात का रखें कि नींबू के रस में पाए जाना वाला एसिड त्वचा को ड्राई कर देता है। ऐसे में जब आप इस भीषण गर्मी में नींबू का रस लगाकर बाहर जाएंगे तो आपको चेहरे पर जलन या एलर्जी की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए इसका उपयोग जितना हो सके न ही करें।



**हल्दीः** जिन लोगों की त्वचा संवेदनशील है, उन्हें तो गर्मी के मौसम में हल्दी के इस्तेमाल से बचना ही चाहिए। हल्दी के उपयोग से कई बार त्वचा पर सूजन तक आ जाती है। इतना ही नहीं, कई बार इसके इस्तेमाल से ही आपकी त्वचा पीली पड़ सकती है। इसलिए हल्दी से भी दूरी बनाकर रखें।

**टी ट्री ऑयलः** आजकल अक्सर फेसपैक से लेकर फेस वॉश तक में ये पाया जाता है। इसमें एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, लेकिन यह संवेदनशील त्वचा पर जलन पैदा कर सकता है। इसलिए इसका इस्तेमाल कभी भी सीधे त्वचा पर न करें। इसे हमेशा पानी या किसी अन्य तेल के साथ मिलाकर प्रयोग करें।

**दहीः** गर्मी के मौसम में त्वचा पर दही काफी फायदा पहुंचाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यही दही अगर ज्यादा समय के लिए त्वचा पर लगाया जाए तो आपकी त्वचा को डैमेज कर सकता है। इसलिए भले ही ये आपको सूट कर रहा है, लेकिन फिर भी इसका इस्तेमाल कम से कम ही करें।


**चंदन का पेस्टः** वैसे तो गर्मी के इस मौसम में चंदन का पेस्ट त्वचा को काफी फायदा पहुंचाता है लेकिन यदि इसका इस्तेमाल ज्यादा समय के लिए किया जाए तो इससे त्वचा पर रिएक्शन हो सकता है।

## आईलाइनर लगाकर सोने के हैं नुकसान, आपको जानना जरूरी

दरअसल, अक्सर कुछ महिलाएं रात के समय लाइनर लगाकर सो जाती हैं, जिसकी वजह से उनकी आंखों पर काफी गहरा असर पड़ता है। हम आपको इसी बारे में जानकारी देने जा रहे हैं कि रात से समय लाइनर लगाकर सोने से आंखों को क्या नुकसान पहुंच सकते हैं।

**बढ़ जाता है इंफेक्शन का खतराः** आंखों में न सिर्फ लाइनर बल्कि कोई भी मेकअप लगाकर सोने से इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि आई लाइनर में ऐसे केमिकल पाए जाते हैं जो आंखों के लिए खतरा हैं। इसलिए जब भी रात को सोएं तो मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल करके लाइनर को हटा दें।

**होने लगती है जलनः** आंखों में लाइनर लगाकर सोने से आंखों में जलन की संभावना पैदा हो सकती है। क्योंकि सोते समय जब आंखें



बंद होती हैं तो लाइनर में पाए जाने वाले कण आंखों के अंदर चले जाते हैं, जिस वजह से सुबह तक आपके आंखों में जलन हो सकती है। कई बार तो आंखों में सूजन तक आ जाती है।

**डार्क सर्कल की समस्याः** इस समस्या से तो आजकल ज्यादातर लोग ही परेशान हैं। यदि आप भी डार्क सर्कल से परेशान हैं तो इस बात पर ध्यान दें कि कहीं आप भी तो लाईनर लगाकर नहीं सो जातीं। इसकी वजह से भी डार्क सर्कल की समस्या बढ़ती जा रही है। इसलिए सोने से पहले आईमेकअप को रिमूवर से साफ करें और फिर चेहरे को क्लींजर से धो लें।

**आंखों की रोशनी पर पड़ेगा प्रभावः** कई बार तो लाइनर लगाकर सोने से परेशानी इस कदर बढ़ जाती है, कि इसकी वजह से आंखों की रोशनी तक पर प्रभाव पढ़ने लगता है। आंखे शरीर का सबसे नाजुक अंग होती हैं। ऐसे में यदि इसमें कोई केमिकल लगातार जा रहा है, तो इससे रोशनी पर सीधा प्रभाव पड़ेगा।

**झुर्रियांः** यदि आप भूल से आई लाइनर लगाकर सो गई हैं, तब तो अलग बात है, लेकिन यदि आप अक्सर ऐसा करती हैं तो आपको इस परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। लगातार आंखों में आई लाइनर लगाकर सोने से आंखों के आस-पास झुर्रियां होने लगती हैं। इसलिए रात में रोते समय आई लाइनर को अवश्य हटाएं।

## कार्नर न्यूज

### आम फेशियल से अलग हट कर है हाइड्रा, जानिए इसके बारे में

## चलन बढ़ रहा हाइड्रा फेशियल का, इस्तेमाल करने से पहले जान लें इसके फायदे और नुकसान

निखार जरूरी है, क्योंकि यह आत्मविश्वास बढ़ाता है। इसके लिए ढेर सारे ब्यूटी ट्रीटमेंट आ चुके हैं। इन्हीं में से एक है हाइड्रा फेशियल। जानकार कहते हैं कि यह आम फेशियल से अलग है। प्रदूषण, तरह-तरह के सौंदर्य उत्पाद का इस्तेमाल और अव्यवस्थित जीवन-शैली त्वचा को नुकसान पहुंचाती है। मगर खूबसूरती मायने रखती है, इसीलिए सभी तरह की स्किन प्रॉब्लम्स को ध्यान में रखते हुए कई तरह के ब्यूटी ट्रीटमेंट्स डिजाइन किए गए हैं, जैसे- एंटी-एजिंग फेशियल, गोल्ड फेशियल और एक्ने फेशियल। इसी कड़ी में जुड़ा है, हाइड्रा फेशियल। जैसा कि इसके नाम से ही पता चलता है कि यह स्किन को हाइड्रेट करता है और कई तरह से लाभ पहुंचाता है।

### तीन स्टेप की प्रक्रिया

हाइड्रा फेशियल एक मल्टी-स्टेप प्रक्रिया है। यह त्वचा को साफ कर उसे आराम पहुंचाती है। इसके मुख्य रूप से तीन चरण हैं, जिसमें पहला है- क्लींजिंग और एक्सफोलिएशन। इसमें त्वचा की गहरी सफाई की जाती है और मृत कोशिकाओं को हटाने के लिए हल्के एक्सफोलिएटिंग उपकरण का इस्तेमाल किया जाता है। फिर बारी आती है, एंट्रीऑक्सिडेंट और हाइड्रेशन की, जिसमें त्वचा को हाइड्रेट और पोषित करने के लिए कस्टम सीरम लगाया जाता है। अंत में बारी आती है एक्सट्रैक्शन और हाइड्रेशन की, जिसमें ब्लैकहेड्स को हटाने के लिए गहराई से एक्सट्रैक्शन कर त्वचा को हाइड्रेट किया जाता है।

### कोलेजन उत्पादन में वृद्धि

हाइड्रा फेशियल करवाने के बाद आपको अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत नहीं, बल्कि आप तुरंत अपने रूटीन में लौट सकती हैं। इसकी मदद से आप स्किन को हाइड्रेड कर सकती है। यह डेड स्किन को हटाता है, जिससे एक्ने की समस्या से छुटकारा मिलता है। त्वचा नरम और मुलायम होती है। इसके अलावा फाइन लाइन और एजिंग लाइन भी कम की जा सकती है। हाइड्रा फेशियल त्वचा को फ्रेश कर कोलेजन के उत्पादन को बढ़ाता है।



### सबके लिए नहीं

जिनकी त्वचा संवेदनशील है, उन्हें हाइड्रा फेशियल से बचना चाहिए। असल में, इस फेशियल से डेड सेल्स को हटाया जाता है और डेड सेल हटाने की प्रक्रिया सभी तरह की त्वचा के लिए अनुकूल नहीं होती है। साथ ही हाइड्रा फेशियल कराने से स्किन ड्राई होती है, जिस कारण त्वचा में जलन महसूस हो सकती है। वहीं, यदि हाइड्रा फेशियल उपचार सक्रिय दाने या सनबर्न पर किया जाए तो यह स्थिति को और खराब कर सकता है। यह ट्रीटमेंट केवल एपिडर्मोइड तक ही जाता है। साथ ही हाइड्रा फेशियल की प्रक्रिया केवल एक बार में नहीं होती है, बल्कि इसके लिए कई सेशन लेने पड़ते हैं।

### खान-पान हो अच्छा

त्वचा को सेहतमंद रखने के लिए हमेशा हेल्दी डाइट लें। सब्जियां, फल और डेयरी प्रॉडक्ट्स को खान-पान का हिस्सा बनाएं। डाइट में विटामिन बी12 को शामिल करें। शरीर में विटामिन बी12 की कमी आपकी उम्र ज्यादा दिखाती है। आप हाई फैट से दूर रहें और डेयरी प्रॉडक्ट को शामिल करें, लेकिन सही मात्रा में।

डॉ. सीमा रानी, प्रोफेसर, त्वचा विज्ञान विभाग, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, दिल्ली का कहना है कि हाइड्रा फेशियल स्किन को साफ करने, युवा दिखने और दाग-धब्बों को कम कर टैनिंग को हटाने की एक कॉस्मेटिक प्रक्रिया है। यह सामान्य फेशियल से अलग है। इसमें केमिकल पील किया जाता है और क्लींजिंग के साथ ब्लू रेड लाइट थेरेपी भी की जाती है। अगर आप इस प्रक्रिया को अपनाने जा रही हैं तो सबसे पहले इसके बारे में पूरी जानकारी हासिल कर लें और किसी एक्सपर्ट से ही ट्रीटमेंट कराएं।